शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 83 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# चुनाव से ठीक पहले मोदी का उम्मीदवारों को पत्र

## प्रधानमंत्री ने पत्र में लिखा- आप सभी संसद पहुंचेंगे ये विश्वास है; एक-एक वोट मजबूत सरकार बनाएगा

**नई दिल्ली**
**रामनवमी** के अवसर पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी बीजेपी और एनडीए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखा है। इस लेटर में पीएम मोदी ने सभी उम्मीदवारों को जीत का विश्वास दिलाया है। पीएम ने लिखा- आप सभी जनता के आशीर्वाद से संसद पहुंचेंगे। हमें मिलने वाला एक-एक वोट मजबूत सरकार की ओर बढ़ता कदम होगा। पीएम ने आगे लिखा- एक टीम के रूप में, हम निर्वाचन क्षेत्र के लोगों और क्षेत्र के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यह लेटर भाजपा द्वारा किसी निर्वाचन क्षेत्र में हर किसी तक पीएम का संदेश पहुंचाने की कवायद का हिस्सा है।

**अन्नामलाई को भेजे लेटर में लिखा- आपने नौकरी छोड़कर जनसेवा चुनी, इसकी खुशी**
कोयंबटूर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कुप्पुस्वामी अन्नामलाई को भेजे लेटर में पीएम लिखते हैं- रामनवमी के शुभ अवसर पर आपको लिखते हुए खुशी हो रही है। मैं आपको अच्छी सरकारी नौकरी छोड़ने और लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध होने के आपके निर्णय पर आपको बधाई देता हूं। आप तमिलनाडु में भाजपा की जमीनी स्तर पर उपस्थिति को मजबूत करते रहे हैं। आपने कानून प्रवर्तन, शासन और युवा सशक्तीकरण सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोर देने में वास्तव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जनता के आशीर्वाद से, मुझे विश्वास है कि आप संसद तक पहुंचेंगे। टीम के सदस्य मेरे लिए बहुत बड़ी संपत्ति हैं।

पीएम ने आगे लिखा, इस लेटर के माध्यम से, मैं आपके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को बताना चाहता हूं कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है।



'पीएम ने आगे लिखा- एक टीम के रूप में, हम निर्वाचन क्षेत्र के लोगों और क्षेत्र के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यह लेटर भाजपा द्वारा किसी निर्वाचन क्षेत्र में हर किसी तक पीएम का संदेश पहुंचाने की कवायद का हिस्सा है"

## 'बेहतर जीवन सुनिश्चित करने में यह चुनाव निर्णायक होगा'



**पीएम** ने लिखा लोग कांग्रेस के 5-6 दशकों के शासन में जिन कठिनाइयों से गुजरे हैं, उन्हें याद होगा। पिछले 10 सालों में, समाज के हर वर्ग के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, इनमें से कई परेशानियां दूर हो गई हैं, फिर भी, अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है और बेहतर जीवन सुनिश्चित करने के हमारे मिशन में यह चुनाव निर्णायक होगा। इसी तरह का एक लेटर अनिल बलूनी को मिला। जिसमें पीएम लिखते हैं, यह चुनाव हमारे वर्तमान को उज्ज्वल भविष्य से जोड़ने का एक अवसर है। भाजपा को मिलने वाला प्रत्येक वोट एक स्थिर सरकार बनाने की दिशा में जाएगा और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की हमारी यात्रा को गति प्रदान करेगा। इस महत्वपूर्ण समय में, मैं आपसे और अन्य सभी कार्यकर्ताओं से चुनाव अभियान के आखिरी कुछ घंटों का पूरा उपयोग करने का भी आग्रह करता हूं। साथ ही, मैं आपसे अपने और अपने आस-पास के अन्य लोगों के स्वास्थ्य का ख्याल रखने का भी अनुरोध करता हूं।

**लेटर के आखिर में वोटर्स से वोट करने की अपील की**
लेटर के आखिर में पीएम ने वोटर्स से अपील करते हुए कहा, जनता गर्मी बढ़ने से पहले सुबह जल्दी वोट डालें। भाजपा उम्मीदवार के रूप में, मैं आपसे प्रत्येक मतदाता को अपना आश्वासन देने का आग्रह करता हूं कि मेरे समय का हर पल मेरे साथी नागरिकों के कल्याण के लिए समर्पित है।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर को देश से जोड़ा गया: नड्डा



**कोकराझार**
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्यों को पूरे देश के साथ जोड़ने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व हुआ। उन्होंने कांग्रेस पर पूर्वोत्तर राज्यों को देश से अलग और नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता ने कहा कि विपक्षी गुट को लोगों के कल्याण की चिंता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी गुट केवल खुद को विभिन्न घोटालों से बचाने की कोशिश में लगी हुई है।

**कांग्रेस पर पूर्वोत्तर राज्यों को नजरअंदाज करने का आरोप**
असम के कोकराझार में एनडीए उम्मीदवार जयंत बसुमतारी के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा, "कांग्रेस की नीति पूर्वोत्तर को देश से अलग और नजरअंदाज करने का है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हिमंत विस्वा सरमा की सरकार है, जिन्होंने पूर्वोत्तर को पूरे देश से जोड़ने का काम किया। दस साल पहले जब आप दिल्ली जाते थे, तब वहां लोग आपसे यह पूछते थे कि आप किस देश से हैं।

अब यह पूरी तरह से खत्म हो चुका है।" पीएम मोदी के नेतृत्व में बोडो उग्रवादी संगठन के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर को लेकर नड्डा ने दावा किया कि पिछले दस वर्षों में इस क्षेत्र में विद्रोही हमलों और स्थानीय लोगों की मौत में कमी हुई है। पूर्वोत्तर के 70 फीसदी क्षेत्रों से सशस्त्र बल अधिनियम को हटा दिया गया है।

## बेंगलुरु में जय श्रीराम बोलने पर तीन को पीटा

**बेंगलुरु**
रामनवमी के दिन बेंगलुरु में 'जय श्रीराम' बोलने पर तीन युवकों को पीटने की घटना सामने आई है। इससे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक व्यक्ति 'जय श्रीराम नो, ओनली अल्लाह हु अकबर' कहता सुनाई दे रहा है। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना बुधवार दोपहर करीब 3:30 बजे की है। पुलिस के अनुसार पवन कुमार,राहुल और बिनायक निवासी संजीवनीनगर कार से एमएस पल्या इलाके की ओर जा रहे थे। वे जय श्रीराम बोल रहे थे। उनके पास भगवा ध्वज भी था। तभी चिक्काबेट्टाहल्लू इलाके के पास दो बाइक सवार पीछे से आकर कार को रोकते हैं। इन दोनों की पहचान फरमान और समीर के रूप में हुई है। फरमान कार सवारों से बहस करता है और अल्लाह हु अकबर कहने को कहता है। वह भगवा ध्वज छीनने की कोशिश भी करता है। तब तीनों कार सवार उसका पीछा करते हैं लेकिन फरमान और समीर भाग जाते हैं। कुछ देर बाद वे फरमान और समीर दो अन्य लड़कों को अपने साथ लेकर आते हैं और कार सवार लोगों को रोककर मारपीट करते हैं। इस दौरान राहुल के सिर पर डंडे से चोट आई। बिनायक के नाक की हड्डी में चोट आई है।

**दंगा सहित 9 धाराओं में केस दर्ज**
पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इन पर जानबूझकर किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करने या उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से कुछ शब्दों का इत्तेमाल करना,दंगा करने, शांति भंग के इरादे से जानबूझकर अपमान, खतरनाक हथियारों से चोट पहुँचाना, आपराधिक धमकी देने जैसी धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## ईडी ने शिल्पा शेट्टी का फ्लैट अटैच किया

**मुंबई**
प्रवर्तन निदेशालय ने शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क की है। इसमें शिल्पा शेट्टी का जुहू वाला फ्लैट और राज कुंद्रा के नाम पर रजिस्टर्ड बंगला और इक्विटी शेयर शामिल हैं।

## केजरीवाल जानबूझकर आम-मिठाई खा रहे: ईडी

### ताकि ब्लड शुगर बढ़े और जमानत मिले; दिल्ली सीएम के वकील ने याचिका वापस ली



**नई दिल्ली**
वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चिकित्सक से कंसल्ट करने की अनुमति देने की मांग वाले आवेदन पर ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में जवाब दाखिल किया है। ईडी ने कहा कि केजरीवाल जमानत के लिए आधार बनाना चाहते हैं। ईडी ने कहा कि केजरीवाल हाई ब्लड शुगर का दावा करते हैं, लेकिन वह जेल के अंदर मिठाई और आम खा रहे हैं।

**ईडी ने चार्ट कोर्ट में पेश किया:** ईडी ने कहा कि केजरीवाल के डाइट चार्ट में आम और मिठाई है, जिसकी शुगर के मरीज को अनुमति नहीं होती है। डाइट चार्ट कोर्ट के सामने रखा गया है। वहीं, केजरीवाल की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता विवेक जैन ने कहा कि आवेदन वापस लिया जा चुका है और ईडी द्वारा यह बयान मीडिया के लिए दिया जा रहा है। अदालत ने कहा कि वह मामले पर शुक्रवार को सुनवाई करेगी। अदालत ने साथ ही जेल प्रशासन को केजरीवाल की स्वास्थ्य रिपोर्ट पेश करने को कहा।

## ईवीएम-वीवीपैट वेरिफिकेशन पर हुई सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, फैसला सुरक्षित



**नई दिल्ली**
इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के वोटों और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों की 100% क्रॉस-चेकिंग की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने समेत अन्य वकीलों और चुनाव आयोग की 5 घंटे दलीलें सुनी। याचिकाकर्ताओं की तरफ से एडवोकेट प्रशांत भूषण, गोपाल शंकरनारायण और संजय हेगड़े पैरवी कर रहे हैं। प्रशांत भूषण एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की तरफ से पेश हुए। वहीं, चुनाव आयोग की ओर से एडवोकेट मनिंदर सिंह और केंद्र सरकार की ओर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मौजूद थे। एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कोर्ट के सामने एक रिपोर्ट पेश की। इसमें आरोप था कि केरल में मॉक पोलिंग के दौरान भाजपा को ज्यादा वोट जा रहे थे। इस पर कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील मनिंदर सिंह से पूछा कि ये कितना सही है। सिंह ने कहा कि ये खबरें झूठी और बेबुनियाद है। कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि क्या वोटिंग के बाद वोटर्स को वीवीपैट से निकली पर्ची नहीं दी जा सकती है। इस पर चुनाव आयोग ने कहा- वोटर्स को वीवीपैट स्लिप देने में बहुत बड़ा रिस्क है। इससे वोट की गोपनीयता से समझौता होगा और बूथ के बाहर इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल दूसरे लोग कैसे कर सकते हैं, हम नहीं कह सकते। कोर्ट ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाए गए कदमों के बारे में चुनाव आयोग के वकील से ईवीएम और वीवीपैट की पूरी प्रक्रिया समझी।

## यौन उत्पीड़न: घटना के वक्त दिल्ली में नहीं था: बृजभूषण सिंह



### आरोपों की जांच हो; 26 अप्रैल तक फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली**
कैसरगंज उत्तर प्रदेश से सांसद और रेसलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह गुरुवार (18 अप्रैल) को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे। अदालत ब्रज भूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में आरोप तय करने के लिए फैसला सुनाने वाली थी। हालांकि, बृजभूषण का दावा है कि घटना के वक्त 7 सितंबर 2022 को वे दिल्ली में नहीं थे। इसलिए इन आरोपों की जांच की जाए। उन्होंने उऊफ़की कॉपी भी मांगी है। दलीलों के बाद कोर्ट ने 26 अप्रैल तक के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में जून 2023 में ब्रजभूषण के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। उनके खिलाफ धारा 354, 354-अ, 354-ऊऔर 506 के तहत आरोप लगाए। इसी मामले पर पहली बार 18 जनवरी 2023 को रेसलर बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट समेत 30 से ज्यादा पहलवानों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन किया था। बृजभूषण शरण सिंह उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से 2009 से लगातार सांसद हैं। रेसलिंग फेडरेशन का अध्यक्ष रहते उन पर महिला पहलवानों से यौन शोषण का आरोप लगाया है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 18 अप्रैल को कहा कि फैसला 26 अप्रैल को सुनाया जाएगा। कैसरगंज लोकसभा सीट पर पांचवें फेज यानी 20 मई को वोटिंग होनी है। यहां 26 अप्रैल से नामांकन शुरू होगा। 3 मई नॉमिनेशन की आखिरी तारीख है। स्क्रूटनी 4 मई को और नामवापसी की आखिरी

## कांग्रेस वोट के लिए नक्सलियों की वकालत कर रही है: बीजेपी



**नई दिल्ली**
**लोकसभा** चुनाव शुरू होने में अब कुछ ही घंटे शेष रह गए हैं। ऐसे में राजनीतिक दल प्रचार करने में कोई भी कसर नहीं छोड़ रहे हैं।अपनी जीत के लिए एक से बढ़कर एक चुनावी वादे किए जा रहे हैं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। अब भाजपा ने गुरुवार को कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उसने आरोप लगाया कि कांग्रेस वोट के लिए नक्सलियों की वकालत कर रही है क्योंकि उसने लोकसभा चुनावों में अपनी हार भांप ली है।

**चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई पर सवाल उठाए**
भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों को बुधवार को 'शहीद' करार दिया और चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई पर सवाल उठाए। गौरतलब है, छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया था। पिछले तीन दशकों से नक्सल खतरे का सामना कर रहे राज्य में अब तक की सबसे बड़ी मुठभेड़ है।

## काम में भेदभाव किया तो मुझे वोट न दें: नितिन गडकरी

**नागपुर**
केंद्रीय मंत्री और नागपुर सीट से भाजपा उम्मीदवार नितिन गडकरी ने बुधवार को एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, उन्होंने कभी भी काम को लेकर किसी से भेदभाव नहीं किया है। वह सबको साथ लेकर चले हैं, फिर भी किसी को लगता है कि उसके साथ भेदभाव हुआ तो वे उन्हें वोट न दें। गडकरी ने यह बातें लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार खत्म होने से पहले कहीं। 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग होगी। इसमें महाराष्ट्र की नागपुर लोकसभा सीट भी है। अपने काम को ही अपनी पहचान बताने वाले गडकरी ने कहा- मुझे जो भी पहचान मिली है वह नागपुर के लोगों की है। मैंने यहां के लोगों को समान दृष्टि से देखा है।

## हरियाणा: इनेलो ने जारी की तीन प्रत्याशियों की सूची



अंबाला से बंतो कटारिया, गुरुग्राम से राव इंद्रजीत सिंह, भिवानी महेंद्रगढ़ से धर्मबीर सिंह, सिरसा से अशोक तंवर, फरीदाबाद से कृष्णपाल गुर्जर, नवीन जिंदल को कुरुक्षेत्र से, रणजीत चौटाला को हिसार, अरविंद शर्मा को रोहतक से और मोहनलाल को सोनीपत लोकसभा से उम्मीदवार बनाया गया है

**चंडीगढ़**
**हरियाणा में** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने लोकसभा चुनाव को लेकर तीन प्रत्याशियों की सूची जारी की है। इसमें कुरुक्षेत्र से अभय चौटाला, अंबाला से गुरप्रीत सिंह और हिसार से सुनैना चौटाला को मैदान में उतारा गया है। हरियाणा में भाजपा सभी सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है, वहीं जजपा ने भी पांच सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए हैं। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की 9 सीटों पर सभी को प्रत्याशियों का इंतजार है, वहीं आम आदमी पार्टी ने अपने खाते की सीट कुरुक्षेत्र से काफी पहले प्रत्याशी उतार दिया था।

**जजपा के पांच प्रत्याशियों की पहली सूची हो चुकी जारी**
जननायक जनता पार्टी ने हिसार से विधायक नैना सिंह चौटाला को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं गुरुग्राम से राहुल यादव फाजिलपुरिया को उतारा है। सिरसा से पूर्व विधायक रमेश खटक को टिकट दिया है। भिवानी-महेंद्रगढ़ से पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह को मैदान में उतारा है। जजपा ने फरीदाबाद से नलिन हुड्डा को टिकट दिया है।

**ये हैं भाजपा के दस उम्मीदवार** भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में दसों सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए हैं। भाजपा ने पूर्व सीएम मनोहर लाल को करनाल से मैदान में उतारा है। करनाल लोकसभा सीट पर 2019 में भाजपा को देश की दूसरी सबसे बड़ी जीत मिली थी और यहां से संजय भाटिया लोकसभा पहुंचे थे। अंबाला से बंतो कटारिया, गुरुग्राम से राव इंद्रजीत सिंह, भिवानी महेंद्रगढ़ से धर्मबीर सिंह, सिरसा से अशोक तंवर, फरीदाबाद से कृष्णपाल गुर्जर, नवीन जिंदल को कुरुक्षेत्र से, रणजीत चौटाला को हिसार, अरविंद शर्मा को रोहतक से और मोहनलाल को सोनीपत लोकसभा से उम्मीदवार बनाया गया है।

**हिसार में चौटाला बनाम चौटाला बनाम चौटाला**
भाजपा उम्मीदवार रणजीत को टक्कर देने मैदान में जजपा से बहू नैना उतरीं हैं। वहीं इनेलो की ओर से सुनैना चौटाला को टिकट मिल गई है। इसके अलावा कांग्रेस का प्रत्याशी अभी मैदान में नहीं आया है।

# संदीप के नाम से परीक्षा देने वाले जितेंद्र को हाईकोर्ट से नहीं मिली जमानत, बनवाया था फर्जी आधार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संदीप के नाम का आधार कार्ड बनवा कर सिपाही परीक्षा में बैठे जितेंद्र जुरैल की जमानत अर्जी खारिज कर दी। सिपाही भर्ती परीक्षा ने सेंधमारी करने के आरोपी ने खुद का घरेलू नाम संदीप बताते हुए जमानत पर रिहा करने की मांग की थी। हालांकि, अपने दावे के समर्थन में वह अदालत ने कोई ठोस सबूत पेश नही कर सका। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति समीर जैन की अदालत में हुई।मामला आगरा जिले के एतमौद्दौला थाना क्षेत्र के श्री पीडी जैन इंटर कालेज में उत्तर प्रदेश पुलिस की सिपाही भर्ती की द्वितीय पाली में हुई परीक्षा का है। 18 फरवरी 2024 को दूसरी पाली में चल रही परीक्षा के दौरान किसी महिला ने बायोमैट्रिक प्रभारी संदीप चंद्र को आरोपी द्वारा दूसरे के नाम पर परीक्षा दिए जाने की सूचना दी थी। इस सूचना पर हरकत में आए परीक्षा केंद्र व्यवथापक और पुलिस महकमे से जुड़े



अधिकारियों ने आरोपी की पुनः बायोमैट्रिक जांच कराई।

इस जांच में पाया गया कि आरोपी ने आधार कार्ड में अपने नाम के स्थान पर संदीप का नाम दर्ज करवा रखा था। इसी आधार पर वह परीक्षा में शामिल हुआ था। केंद्र व्यवस्थापक राहुल जैन की तहरीर पर परीक्षा में सेंधमारी के आरोपी जितेंद्र जुरैल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई और उसे जेल भेज दिया गया था। आरोपी की जमानत जिला जज आगरा की अदालत ने खारिज कर दिया था, जिसके बाद उसने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।आगरा जिले के खंदौली थाना क्षेत्र के पैलखेड़ा गांव निवासी जितेंद्र जुरैल के अधिवक्ता देवेंद्र कुमार मिश्रा ने दलील दी कि आरोपी का घरेलू नाम संदीप है। इसी नाम से वह सिपाही भर्ती की परीक्षा में शामिल हुआ था। जबकि राज्य सरकार के अपर शासकीय अधिवक्ता सुरेश बहादुर सिंह ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता और पारदर्शिता में सेंधमारी न सिर्फ गंभीर अपराधिक कृत्य है बल्कि आम छात्रों के भविष्य के साथ भी अन्याय है। इसलिए आरोपी जमानत का हकदार नही है। अदालत ने आरोपी की ओर से किए गए दावों के समर्थन में ठोस सुबूतो के अभाव में जमानत याचिका खारिज कर दी।

## निर्माण कार्य के चलते आज 2 घंटे बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

अखंड भारत संदेश

**सहसों/प्रयागराज।** मलावां और हेतापट्टी पावर हाउस से जुड़े गांवों में शुक्रवार को विद्युत आपूर्ति 2 घंटे बाधित रहेगी। आशय की जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय, अनूप कुमार सिन्हा ने बताया है कि महाकुंभ के मद्देनजर नव निर्माणाधीन 132 केवीए विद्युत उपकेंद्र हेतापट्टी से 33 केवीए ओवरहेड विद्युत लाइनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिससे लाइन निर्माण के कार्य में विद्युत सुरक्षा को देखते हुए आज शुक्रवार को दिन में 11 बजे से 1 तक हेतापट्टी और मलावां फीडर की आपूर्ति शटडाउन रहेगा।

# इफको में जल्द होगा नैनो यूरिया प्लस का उत्पादन

## केन्द्रीय कृषि मंत्रालय ने दी उत्पादन की मंजूरी

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर/प्रयागराज।** खेतों में नैनो यूरिया का इस्तेमाल करने वाले किसानों को बहुत जल्द ही बाजार में इसका अपग्रेड वर्जन नैनो यूरिया प्लस के नाम से मिलने वाला है।

जिसका इस्तेमाल कर किसान कम लागत में अपने खेतों की उपज बिना मिट्टी को नुक़सान पहुचाए बढ़ा सकता है। इफको ने बताया की नैनों यूरिया प्लस पौधे के विकास के विभिन्न चरणों में जहां नाइट्रोजन की बेहतर आपूर्ति और पोषण प्रदान करेगा वहीं पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना उसके विकास में भी

IFFCO
पूर्णतः सहकारी स्वामित्व
Wholly owned by Cooperatives

सहायता करेगा। इसका उद्देश्य देश के किसानों को लाभ पहुंचाना तथा आत्मानिर्भर भारत व आत्मनिर्भर कृषि को बढ़ावा देना है।

इफको की फूलपुर इकाई के प्रमुख संजय कुदेशिया ने इस उपलब्धि पर प्रबंध निदेशक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया की देश की प्रमुख सहकारी उर्वरक निर्माता इफको के इस प्रोडक्ट को केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने मंजूरी देते हुए नैनो यूरिया प्लस को तीन साल के लिए अधिसूचित (नोटिफाई) किया है। उन्होंने बताया की इफको मुख्यालय से निर्देश मिलते ही फूलपुर इकाई में शीघ्र ही नैनो यूरिया प्लस का उत्पादन शुरू किया जाएगा।

# गरियांव में निकली भव्य श्रीराम शोभायात्रा

अखंड भारत संदेश

**जंघई/प्रयागराज।** गरियांव बाजार में राम नवमी का त्योहार धूमधाम से श्रद्धा पूर्वक मनाया गया पूजा अर्चना के बाद सायं काल में बैंड बाजे के साथ श्री रामचंद्र जी और हनुमान जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई शोभायात्रा में क्षेत्र के भारी संख्या में ग्रामीण महिलाएं बच्चे और बुजुर्ग लोग सम्मिलित हुए। जिसमें प्रमुख रूप से रमेश प्रताप सिंह प्रधान, भोला मिश्र, संजय मिश्रा, गप्पू मौर्य, मुन्नालाल सोनी, बबलू तिवारी, लवकुश चौरसिया



आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक अंतिम गुप्ता ने सभी को कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न होने पर धन्यवाद दिया। सब इंस्पेक्टर तारकेश्वर नाथ दुबे के नेतृत्व में पुलिस जवान मुस्तैदी के साथ सुरक्षा में लगे रहे।

# डांसर सपना चौधरी को एक माह के भीतर जारी करें पासपोर्ट, कोर्ट ने एसीजेएम न्यायालय का आदेश किया रद्द

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डांसर सपना चौधरी के पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र पर रोक लगाने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट ने पासपोर्ट अधिकारियों को सपना चौधरी द्वारा उनके पासपोर्ट के नवीनीकरण या पुनः जारी करने के लिए दिए गए आवेदन पर निर्णय लेने और एक महीने के भीतर आदेश पारित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि विदेश यात्रा का अधिकार व्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा है। यह कहते हुए जस्टिस शमीम अहमद की पीठ ने पासपोर्ट जारी करने के लिए आपत्ति प्रमाण पत्र जारी करने से इनकार करने वाले अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय का आदेश रद्द कर दिया।डांसर सपना चौधरी ने एसीजेएम अदालत के उस आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जिसमें उनके पासपोर्ट को नवीनीकृत करने के आवेदन को इस आधार पर खारिज कर दिया कि अदालत के पास पासपोर्ट नवीनीकृत करने की अनुमति देने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।

सपना ने एसीजेएम कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की। उनके वकील ने कोर्ट में दलील दी कि अगर भविष्य में उन्हें बरी कर दिया जाता है तो अपने पेशेवर काम के लिए विदेश नहीं जाने से उनको भारी नुकसान हो सकता है। यह भी तर्क दिया गया कि इस तरह का इनकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 और 21 के तहत आवेदक के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

पक्षकारों के वकील द्वारा दी गई दलीलों पर विचार करने और रिकॉर्ड को देखने के बाद अदालत ने कहा कि नागरिक भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 (1)(डी) और अनुच्छेद 21 के तहत पासपोर्ट के हकदार हैं। अदालत ने पाया कि एसीजेएम कोर्ट ने अधिसूचना और विदेश मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन की अनदेखी की और आदेश रद्द कर दिया। नतीजतन, चौधरी को इस आदेश की तारीख से 20 दिनों के भीतर संबंधित क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी के समक्ष अपने पासपोर्ट के नवीनीकरण/पुनः जारी करने के लिए हाईकोर्ट के आदेश की प्रमाणित प्रति के साथ नया आवेदन देने का निर्देश दिया गया।

बदले में संबंधित क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी/प्राधिकरण को आवेदन पर निर्णय लेने और कानून के अनुसार उचित औपचारिकताएं पूरी करने के बाद एक महीने के भीतर आवेदक के पासपोर्ट के नवीनीकरण/पुनः जारी करने का आदेश पारित करने का निर्देश दिया गया। कोर्ट ने चौधरी को विदेश जाने से पहले संबंधित ट्रायल कोर्ट को सूचित करने और अनुमति लेने और ट्रायल कोर्ट के निर्देशानुसार तय तारीख पर ट्रायल कोर्ट के सामने पेश होने का भी निर्देश दिया।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शनिवार से

अखंड भारत संदेश

**सहसों/प्रयागराज।** सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सहसों बाईपास स्थित देव प्लाई हाउस के प्रांगण में 20 अप्रैल दिन शनिवार से कथा व्यास प्रभाकराचार्य जी महाराज के अमृतमयी वांणी से कथा का सुंदर प्रसंग श्रवण कराया जाएगा। कथा का समापन 26 अप्रैल दिन शुक्रवार को होगा तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशा की जानकारी आयोजक/मुख्य यजमान अशोक कुमार केसरवानी ने दी है।

# भावनाओं को व्यक्त करने का एक सरल माध्यम है कविता : अंकिता खेड़ा

### कविता दिवस पर सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल जनवार में आयोजित हुआ कविता पाठ समारोह

अखंड भारत संदेश

**मेजा/प्रयागराज।** भावनाओं को व्यक्त करने का एक मात्र माध्यम कविता ही है।उक्त बातें सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती अंकिता खेड़ा ने बृहस्पतिवार को कविता दिवस के अवसर पर आयोजित कविता पाठ समारोह में भाग लेने वाले प्रतिभागी छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहीं।

उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों अव्यक्त खेरा आशी तिवारी आकांक्षा पटेल अभय सिंह अयान अहमद अरिबा अयाना तथा सिद्धार्थ सिंह के अलावा कई अन्य छात्र छात्राओं द्वारा दिखाई गई प्रतिभा पर बधाई दिया और उनके




उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कई सुप्रसिद्ध कवियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि कविता एक ऐसा माध्यम है जिससे हम अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हैं।

इसी क्रम में स्कूल के प्रबंधक अभिषेक खेरा ने सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार वितरण करते हुए कहा कि कविताओं से बच्चों को न सिर्फ अपनी भावनाओं को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है बल्कि उनका आत्म विश्वास भी बढ़ता है। इस मौके पर स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं अभिभावक तथा स्कूल स्टाफ के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## भाजपा नेता घनश्याम पांडेय के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत

**प्रतापपुर/प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी परिवार में शामिल होने के बाद पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रतापपुर इंजीनियर घनश्याम पांडेय एवं जिला पंचायत सदस्य बृजकुमारी पांडेय का प्रतापपुर क्षेत्र में प्रथम आगमन पर गुरुवार को भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र बरुणेश्वर महादेव बरना में दर्शन पूजन अर्चन करने के बाद घनश्याम पांडेय का काफिला जंघई निवास की तरफ प्रस्थान किया। सरायहरियाम, उग्रसेनपुर, लोढ़ीडीह, खानपुर, थानापुर, सोरों रस्तीपुर, हसनपुर, नेदुला, जलालपुर, नेवादा, पतवां, चौका, जंघई बाजार, जंघई कालोनी एवं बृजकुज उत्सव गृह जंघई तक पहुंचने में घंटों लगे, जगह जगह माल्यार्पण करके मुंह मीठा कराकर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया।इस दौरान पूरा क्षेत्र जय श्री राम के नारों से गूंज उठा उपस्थित लोगों ने प्रशन्नता जताते हुए स्वागत किया।




# करछना ब्लाक कर्मियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

अखंड भारत संदेश

**करछना/प्रयागराज** विकास खंड करछना में गुरुवार को खंड विकास अधिकारी बबीता गुप्ता के नेतृत्व में ब्लॉक कर्मियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक सर्वप्रथम ब्लॉक कर्मियों ने ब्लॉक परिषद में रैली उपरांत खंड विकास अधिकारी ने कर्मियों को शपथ दिलाई उसके उपरांत खंड विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया रैली में शामिल सभी ब्लॉक कमी ब्लॉक परिसर से निकलकर साधुकुटी चौराहा बेला चौराहा तहसील मुख्यालय बाजार होते हुए लोगों को मतदान करने के लिए रैली के माध्यम से जागरूक किया इस मौके पर खंड विकास अधिकारी के अलावा एडीओ पंचायत राम शिरोमणि तिवारी सचिव दीपेश सिंह आशीष सिंह कमल सिंह राम सकल दीप्ति मिश्रा ममता पांडे मनीष सिंह संजीव श्रीवास्तव मनोज वर्मा फिरोज अहमद वह बड़ी संख्या संख्या में ब्लॉक कमी व सफाई कर्मी शामिल रहे

## गाजे-बाजे के साथ निकली श्री राम की शोभा यात्रा



अखंड भारत संदेश

**करछना/प्रयागराज।** श्रीरामलीला कमेटी द्वारा आयोजित श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। जगह जगह प्रतीकात्मक झांकी की आरती की गई। मां काली शक्तिपीठ करछना से निकली शोभायात्रा साधुकूटी चौराहे पर समाप्त हुई इस दौरान ढोल नगाड़े और गाजे-बाजे के साथ भगवान श्री राम लक्ष्मण की प्रतीकात्मक झांकी निकाली गई। लोगों ने श्रीराम का पताका लहराते हुए रामजी की निकली सवारी राम की है लीला निराली जैसे गाने की धुन पर नाचते थिरकते राम के जयकारे लगाते हुए भक्तगण आगे आगे चल रहे थे। कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा झांकी की भव्य आरती उतारी गई। इस दौरान शोभायात्रा को देखने के लिए हर व्यक्ति उस दृश्य को मोबाइल में कैद करने के लिए व्याकुल नजर आए। श्री राम के जयकारे से पूरा कस्बा भक्तिमय रहा। शोभायात्रा मे पास पडोस के गावो के लोग शामिल हुए।जिसमे करछना समेत कपठुआ गलिवाबाद, भहा, चनैनी, बसरिया हिदुपुर फत्तेपुर, करेहा सहित कई गावो से आये लोगो ने हाथो का झण्डा लेकर हिन्दूनवर्ष पर यात्रा निकाली। थाने परिसर में वृहद भण्डारे का आयोजन किया गया।

## कौशांबी के युवक का शव जमुनापार के करछना में एक घर में फांसी से लटका मिला

**करछना/प्रयागराज।** प्रयागराज थाना क्षेत्र के सेमरहा डीहा में गुरुवार को एक सनसनीखेज मामला सामने आया सेमरहा गांव के एक घर से एक युवक की संदिग्धावस्था में फांसी पर लटकता शव बरामद हुआ जिसकी सूचना पर करछना को हुई मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, युवक के पास मिले पहचान पत्र से उसकी शिनाख्त कौशांबी जिले का अमन उर्फ राजा पांडेय के रूप में हुई, पुलिस सूत्रों का मानना है कि उक्त युवक कमरे के अंदर से कुंडी लगाकर कमरे में फांसी पर लटकता मिला,जिस घर से युवक का शव मिला वह सेमरहा गांव निवासी पूर्व कोटेदार का बताया गया है, हालांकि पुलिस ने पूछताछ के लिए कयी लोगों को हिरासत में ले कर पूछ ताछ कर रही है, ?लेकिन मामले में कोई कुछ खुल कर बताने को तैयार नहीं है, हालांकि पुलिस मृतक युवक एवं घटनाक्रम में दोनों के बीच रिश्ते खंगालने में जुटी है वहीं मौत का पहलू जानने का सच्चाई के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

# आगजनी अलग अलग घटनाओं में छप्पर के साथ भैंस व उसके बच्चे की हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**मेजा/ प्रयागराज।** कोतवाली क्षेत्र मेजा के मई कला गांव के हरिजन बस्ती में गुरुवार को दोपहर भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व फायरबिग्रेड तथा एनटीपीसी की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। तब तक मई कला गांव निवासी शिवशंकर निषाद, रामराज हरिजन, हजारी लाल निषाद के छप्पर जलकर राख हो गया।

इसी प्रकार विकासखंड मेजा क्षेत्र के ग्राम सभा नेवादा ऊंचहरा मे फूलचन्द्र पुत्र नारायण के यहां अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई। आग लगने से झोपड़ी में बंधी एक भैंस और उसके बच्चे की जलकर मौत हो गई। इतना ही इस आगजनी की घटना में आग बुझाते समय फूलचंद्र भी झुलसकर जख्मी हो गया। मौके



पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचकर आग पर किसी तरीके से काबू पाया। गौरतलब है कि दो-दो स्थानों पर लगी आग से हड़कंप मचा रहा। इस दौरान आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# प्रेमी के साथ मिलकर पति को मार डाला

## भाभी के मौसेरे भाई से प्रेम संबंध था, पति को पता चला गया था

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज ।** गंगापार इलाके में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की गला घोंटकर हत्या कर दी। महिला का अपनी भाभी के मौसेरे भाई से अफेयर था। शादी के बाद भी उनका मिलना जुलना बंद नहीं हुआ। पति के घर से बाहर नौकरी करने जाने के बाद प्रेमी उसके घर पर आने जाने लगा। ये बात कही से उसके पति को पता चल गई। उसने पत्नी से इसके बारे में पूछताछ की। राज खुलने के डर से पत्नी घबरा गई। उसने प्रेमी के साथ पति की हत्या कर दी।महिला ने प्रेमी संग मिलकर हत्या की बात कबूल कर ली। दोनों को पुलिस ने



अरेस्ट कर लिया है।

**14 अप्रैल को पत्नी को ससुराल से घर लेकर आया, 17 अप्रैल को मिली लाश**

फाफामऊ के रामपुर गोहरी गांव में मिथुन(35) अपने परिवार के साथ रहता था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके मां-बाप की मौत हो चुकी है। बड़े भाई ओम प्रकाश और राम सिंह परिवार सहित अलग रहते हैं। मिथुन ने गांव के बाहर मकान बनवाया था। उसकी शादी पांच साल पहले नवाबगंज के खरगापुर की फोटो देवी ( 27) के साथ हुई थी। उनके बच्चे नहीं हैं। मिथुन दिल्ली की एक



एल्युमिनियम फैक्ट्री में नौकरी करता था। वह 13 अप्रैल को गांव लौटा। उस समय पत्नी ससुराल में थी।14 अप्रैल को वह नवाबगंज के खरगापुर में अपनी ससुराल गया। वहां से पत्नी लेकर घर आया। इसके बाद बुधवार की सुबह मिथुन की कमरे में लाश मिली। पत्नी फोटो देवी से जब परिजन ने पूछा तो रोते हुए यही कहती रही कि रात में किसी ने मार डाला।

**शादी से पहले से पत्नी का भाभी के मौसेरे भाई से अफेयर था**

फोटो देवी का मिथुन से शादी से पहले से अपनी भाभी के मौसेरे भाई रंजीत (21) से अफेयर था। रंजीत शहर के धूमनगंज थाना क्षेत्र के मुंडेरा का रहने वाला है। किन्हीं कारणों से रंजीत और फोटो देवी की शादी नहीं हो सकी थी। मिथुन जब नौकरी के लिए दिल्ली चला गया तो रंजीत उसके घर आने जाने लगा। पति के घर से बाहर रहने पर दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई। 13 अप्रैल को मिथुन दिल्ली से वापस लौटा। उसने पत्नी को बताया कि अब गांव में रहकर ही कोई कारोबार करेगा।

**प्रेमी को घर बुलाकर पति का मर्डर किया**

इसी दौरान कुछ रिश्तेदारों से उसे रंजीत का घर पर आने जाने के बारे में पता चला। उसने जब इस बारे में पत्नी से पूछा तो वह डर गई। उसने अपने प्रेमी से बात कर पति को हटाने का प्लान बनाया। उसके बाद महिला ने बुधवार रात में 9 बजे प्रेमी रंजीत को बुलाया। मिथुन ने जब अपने कमरे में रंजीत को देखा तो उसे रात में आने का कारण पूछा। इसी बात को लेकर उनके बीच बहस शुरू हो गई। उसके बाद फोटो देवी ने अपने पति का हाथ पकड़ा और रंजीत ने उसका गला घोंट दिया।

### मोबाइल से फंस गई पत्नी, बयानों में उलझी

डीसीपी गंगापार अभिषेक भारती ने पत्नी से रात के घटनाक्रम के बारे में जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने फोटो देवी के मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवाई। रात नौ बजे फोटो देवी ने अपने रिश्तेदार रंजीत को कॉल किया था। पुलिस ने चुपके से रंजीत को उठा लिया। उससे पूछताछ हुई तो वह फोटो देवी से अलग बयान देने लगा। यही से पुलिस को दोनों पर शक हुआ। उनसे सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। फाफामऊ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हाईकोर्ट का आदेश

## गलत वेतन भुगतान पर काटी गई ग्रेच्युटी राशि ब्याज सहित वापस करें, एक माह की मिली मोहलत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गलत वेतन भुगतान के आधार पर काटी गई ग्रेच्युटी राशि को छह प्रतिशत ब्याज के साथ वापस करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी संत कबीर नगर को एक महीने के भीतर रुपये वापस करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की कोर्ट ने भागीरथी की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया।

मामले में याची भागीरथी यूपी के पंचायती राज विभाग, लखनऊ में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर तैनात थे और 31 जुलाई 2020 को सेवानिवृत्त हुए। सेवा के दौरान गलत वेतन निर्धारण के कारण उन्हें अतिरिक्त राशि का भुगतान कर दिया गया। इस आधार पर जिला पंचायत राज अधिकारी, संत कबीर नगर के आदेश से सेवानिवृत्ति के दौरान याची की ग्रेच्युटी से 5,90,061 रुपये की कटौती की गई। इसके विरोध में याचिका दायर की गई।कोर्ट ने पंजाब राज्य और अन्य बनाम मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर अतिरिक्त भुगतान की वसूली के आदेश को रद्द कर दिया। साथ ही कहा कि एक माह के भीतर छह प्रतिशत ब्याज प्रतिवर्ष की दर से रुपये वापस किए जाएं।

# मनुपुर में भव्य रामोत्सव कार्यक्रम हुआ संपन्न





**अखंड भारत संदेश**

**जंघई/प्रयागराज।** श्री रामनवमी के शुभ अवसर पर प्रयागराज गंगापार जिला प्रतापपुर प्रखंड के मनुपुर खंड के स्थानीय व्यापारियों द्वारा विशाल शोभा यात्रा, व झांकियां निकाली गई ।श्री राम, लक्ष्मण एवं बजरंगबली के स्वरूप की झांकी पूरे बाजार में निकाली गई जय श्री राम से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा का नेतृत्व संघ, विहिप एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ ने किया जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो हिन्दू जनमानस की उपस्थिति रही।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापपुर के विस्तारक उदयवीर, जिला कार्यवाह जगत नारायण, सहखंड कार्यवाह रितेश केशरी, जिला बालोपासना प्रमुख बजरंग दल देवेन्द्र सिंह, प्रखंड संयोजक बृजेश यादव, जिला उपाध्यक्ष किसान संघ मनशश्वी, सुधीर गुप्ता, मानस केशरी, रोहित गुप्ता, दिशु केशरी, कृष्णा केशरी व अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** गुरुवार को जिलाधिकारी महोदय एवं जिला विद्यालय निरीक्षक पी एन सिंह पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज तथा पुलिस उपायुक्त यमुनापार एवं प्रदेश / जिला सचिव डीसीपीसी संतोष कुमार श्रीवास्तव के आदेश के क्रम में एवं तहसील सचिव दिग्विजय सिंह के निर्देशन में मतदाता जगारूकता अभियान के तहत जिला अपराध निरोधक थाना कमेटी प्रभारी कोराव नरेन्द्र देव मिश्रा के नेतृत्व में कोरॉव बाजार में प्रातः 10:00 बजे से मतदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। जिसमें समस्त वॉलिंटियर सह थाना कमेटी प्रभारी सफात अली शाह के आफिस मोती नगर में उपस्थित होकर जिसमें रामानुज लखन लाल जैसल सियाराम मुकेश कुमार राजेश कुमार अंकित कुमार कुशवाहा तेज




संगम लाल जायसवाल मोहम्मद असलम चिदानंद मिश्र अजमेर अली शिव शंकर जायसवाल नारायण कुशवाहा आदि उपस्थित रहें त जनमानस के मध्य मतदाता शपथ भी दिलाया गया।

## मुंबई और गोवा के लिए चलेंगी समर स्पेशल ट्रेनें, रेलवे ने जारी की समय सारिणी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मुंबई जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की लंबी प्रतीक्षा सूची को देख रेलवे प्रशासन ने कई समर स्पेशल ट्रेनें चलाने का एलान किया है। इसमें पांच जोड़ी समर स्पेशल प्रयागराज छिवकी के रास्ते चलेंगी। इनकी समय सारिणी जारी कर दी गई है। प्रयागराज होकर जो समर स्पेशल चलेंगी, उसमें बनारस-छत्रपति शिवाजी टर्मिनल, मऊ-छत्रपति शिवाजी टर्मिनल, दानापुर-लोकमान्य तिलक प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा गोवा के वास्को द गामा के लिए भी एक समर स्पेशल ट्रेन चलेगी। इसका संचालन मुजफ्फरपुर से वास्को द गामा के लिए होगा।

# रैली के माध्यम से चला मतदाता जागरूकता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव/प्रयागराज।** ब्लॉक संसाधन केंद्र सोरांव में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत उप जिलाधिकारी सोरांव की अध्यक्षता में तहसीलदार बृजेश कुमार सोरांव ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव शैलपति यादव, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक बृजेश यादव, दयानंद मिश्र, कृष्ण मुरारी मिश्र, दिनेश प्रताप, अरविन्द सिंह,आत्म प्रकाश सिंह, शकुंतला यादव, अनीता यादव, रेनू पांडेय, अम्बरीष शुक्ल, मीनाक्षी सिंह, आदि ने पूरे सोरांव में बच्चों के साथ मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाया। वहीं बताया गया कि अधिक से अधिक मतदान से अच्छे जन प्रतिनिधि की सम्भावना बढ जाती है। इस अवसर पर छात्र- छात्राओं द्वारा नुक्कड नाटक के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अच्छे नागरीक का चुनाव करके देश के विकास में एक अच्छी पहचान मिल सकें। जिसके लिए



भी मतदाता जन जागरूकता अभियान से सम्बन्धित प्रस्तुतियां दी जा रही । छात्र-छात्राओं द्वारा अधिक से अधिक मतदान करें व लोगों में रैली के माध्यम से जागरूक किया गया।

# अभ्यर्थियों के लिए आसान हुई पीसीएस प्री-2024 की तैयारी, कटऑफ के आधार पर कर सकेंगे बेहतर मूल्यांकन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से पीसीएस-2023 की प्रारंभिक परीक्षा के प्राप्तांक और कटऑफ अंक जारी कर दिए जाने से अभ्यर्थियों के लिए अब पीसीएस-2024 की प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी आसान होगी। वे पीसीएस-2023 के प्राप्तांक एवं कटऑफ अंक के आधार पर अपनी तैयारियों का बेहतर मूल्यांकन कर सकेंगे।

हालांकि, आयोग के कैलेंडर में पीसीएस-2024 की प्रारंभिक परीक्षा 17 मार्च 2024 को प्रस्तावित थी लेकिन आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पेपर लीक मामले के बाद आयोग ने पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2024 को स्थगित कर दिया था। अगर यह परीक्षा समय से आयोजित की गई होती तो पीसीएस-




2024 में शामिल होने जा रहे अभ्यर्थियों को पीसीएस-2023 की प्रारंभिक परीक्षा के प्राप्तांक एवं कटऑफ के आधार पर मूल्यांकन का मौका न मिलता।

पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2023 के लिए 5,65,459 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। इनमें से 3,45,022 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे और 4047 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए सफल हुए थे जबकि 340975 अभ्यर्थी प्रारंभिक परीक्षा में ही छंटकर बाहर हो गए थे। 23 जनवरी 2024 को घोषित अंतिम परिणाम में 251 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए थे। योग्य अभ्यर्थी न मिलने के कारण प्राविधिक सहायक (भूतत्व) के दो (ओबीसी व एससी के एक-एक) पद खाली रह गए थे। पीसीएस-2023 की प्रारंभिक परीक्षा में जो अभ्यर्थी सफल नहीं हो सके थे, उनमें से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने पीसीएस-2024 के लिए भी आवेदन किए हैं। ऐसे अभ्यर्थी चाहते थे कि पीसीएस-2023 की प्रारंभिक परीक्षा के प्राप्तांक एवं कटऑफ अंक अगली भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा से पहले जारी कर दिए जाएंगे। इसके लिए कुछ अभ्यर्थियों के आयोग में ज्ञापन भी सौंपा था। अभ्यर्थी यह मांग लंबे समय से करते आ रहे हैं।

अभ्यर्थी चाहते हैं कि आयोग यह नियम बना दे कि किसी भी भर्ती में प्रारंभिक परीक्षा के प्राप्तांक एवं कटऑफ अंक अगली भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा से पहले जारी कर दिए जाएं। प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी प्रशांत पांडेय का कहना है कि आयोग अब प्रारंभिक परीक्षा के माह भर बाद ही उसका परिणाम घोषित कर देता है। यानी उस वक्त आयोग के पास अभ्यर्थियों के प्रारंभिक परीक्षा के प्राप्तांक एवं कटऑफ उपलब्ध होते हैं। अभ्यर्थी यही चाहते हैं कि अंतिम चयन परिणाम का इंतजार करने के बजाय प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम के साथ ही प्राप्तांक एवं कटऑफ अंक जारी कर दिए जाएं, ताकि सही मूल्यांकन के साथ अगली भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी बेहतर तरीके से की जा सके। इससे यूपी के उन अभ्यर्थियों को भी फायदा होगा, जो अन्य राज्यों की पीसीएस परीक्षाओं में भी शामिल होते हैं।

# मतदान कार्मिक पूरे मनोयोग एवं तन्मयता के साथ प्राप्त करें प्रशिक्षण : जिला निर्वाचन अधिकारी

## प्रथम दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिक आज उसी स्थान पर उपस्थित होकर प्राप्त करें प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल गुरूवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एण्ड कॉलेज एवं मैरी लूकस स्कूल एण्ड कॉलेज में मतदान कार्मिकों के प्रथम दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया निरीक्षण**

2024 के दृष्टिगत बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एण्ड कॉलेज एवं मैरी लूकस स्कूल एण्ड कॉलेज में पहुंचकर मतदान कार्मिको के प्रथम दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान कार्मिको को पूरे मनोयोग एवं तन्मयता से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कहा। उन्होने कहा जा रही मतदान प्रक्रिया से सम्बंधित बारीकियों के बारे गहनता से जानकारी प्राप्त करें। इस अवसर पर मास्टर टैद्रनरों



कि जितने अच्छे ढंग से मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे, उतने ही सहज एवं कुशलता के साथ मतदान प्रक्रिया को आप सभी लोग सम्पन्न करा सकेंगे, इसलिए प्रशिक्षण में बतायी के द्वारा मतदान कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया, निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में मतदान कार्मिको को ईवीएम मशीन, सीयू, बीयू, मॉकपोल तथा मतदान समाप्त होने के बाद सील करने एवं प्रपत्रों को ठीक ढंग से भरे जाने के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। मुख्य विकास अधिकारी श्री गौरव कुमार ने प्रथम दिन के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले मतदान कार्मिकों से दिनांक 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को उसी स्थान पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कहा है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्री भोलानाथ कनौजिया, परियोजना निदेशक श्री ए0के0 मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री पी0एन0 सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री प्रवीण तिवारी, सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रदेश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा प्रयागराज, तीन दिनों में बारिश के आसार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** भीषण गर्मी के बीच बुधवार को हवाओं ने चटक धूप से मोर्चा लिया।लोगों को गर्म हवाओं का अहसास जरूर हुआ पर इन्हीं हवाओं ने तापमान को दो डिग्री नीचे गिरा दिया। तापमान गिरने के बाद भी प्रयागराज प्रदेश का दूसरा सबसे गर्म जिला रहा। पहले स्थान पर 40.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ वाराणसी सबसे गर्म था।

मौसम विभाग के अनुसार तेज सतही हवाएं अभी दो दिन और चलेंगी और फिर मौसम में बादलों की एंट्री होगी। जिले में कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हो सकती है पर इसकी वजह से रात का तापमान तेजी से बढ़ेगा। बुधवार को सुबह दस बजे से ही तीखी धूप ने लोगों की परीक्षा ली।दोपहर बाद धूप चरम पर थी पर हवाएं चलने की वजह लोगों को झुलसने जैसा अहसास हुआ है। लोग गर्म हवाओं से बचने के लिए गमछा लपेटे दिखाई दिए। दिन में सड़कों पर भी सन्नाटा रहा। हालांकि गर्मी तो काफी महसूस हुई पर तेज हवाओं की वजह से तापमान में बढ़ोत्तरी नहीं हो पाई। बुधवार का अधिकतम तापमान 40 डिग्री



सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि मंगलवार को यह 42.1 डिग्री सेल्सियस था, वहीं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस था जो सामान्य से दो डिग्री अधिक रहा, जबकि मंगलवार न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में जलवायु की एवं समुद्र अध्ययन केंद्र के प्रमुख प्रो. सुनीत द्विवेदी ने बताया कि हवाओं की वजह से तापमान में ज्यादा वृद्धि नहीं होगी। 21 अप्रैल के आसपास बादल छाए जाएंगे और इसके बाद तापमान में बढ़ोत्तरी तेजी से होगी। अप्रैल के आखिरी दिनों में हल्की बारिश भी हो सकती है।

अतीक-अशरफ हत्याकांड

## अमेरिका से आई जिगाना पिस्टल

**प्रयागराज।** 15 अप्रैल को प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्यारोपियों ने दोनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई थी। प्रयागराज के कॉल्विन अस्पताल ले जाते समय पुलिस हिरासत में दोनों की हत्या से हड़कंप मच गया था। इस हत्याकांड में एक नाम बेहद चर्चा में है। वह है 'जिगाना'। दरअसल, जिगाना पिस्टल का नाम है। यह वही पिस्टल है जिसका इस्तेमाल अतीक और अशरफ पर ताबड़तोड़ फायरिंग में किया गया। अब इसके तार लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़, गोगी गैंग और अमेरिका से जुड़ने लगे हैं। लॉरेंस बिश्नोई ने जिगाना पिस्टल अमेरिका से मंगवाई थी। इन्हें भारत तक पहुंचाने में गोल्डी बराड़ ने अहम भूमिका निभाई। दोनों जिगाना पिस्टल 2021 में मंगवाई गई थी। इन पिस्टल को गोगी गैंग के लिए मंगवाया गया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (ऊँ) की पूछताछ में लॉरेंस बिश्नोई ने खुद यह बात कबूली है।

# कुंडा व बाबागंज का विकास कार्य निरन्तर चलता रहेगाः सांसद

## जगह-जगह कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में तीसरी बार कौशाम्बी लोकसभा से प्रत्याशी बनाये जाने के बाद से लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर रहे कौशाम्बी सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर को जन आशीर्वाद कार्यक्रम में अपार जन समर्थन मिल रहा है। बता दे कि बीते 11 अप्रैल से लगातार वह क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं।

गुरुवार को अपरान्ह 11 बजे जैसे ही सांसद विनोद सोनकर कोखराज गंगा पुल पार करके प्रतापगढ़ की सीमा धीमी पुलिस चेक पोस्ट पहुंचे वहां पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से सांसद का भव्य स्वागत किया। स्वागत के बाद सांसद विनोद सोनकर ने कहा की कुंडा एवं बाबागंज विधानसभा का विकास रुकने वाला नहीं है। मेरा प्रयास



क्षेत्र में भ्रमण करते सांसद विनोद सोनकर।

रहता है कि क्षेत्र के लोगों को सड़क, बिजली, शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो। आज यह तीनों मूलभूत सुविधाएं आम जन मानस तक पहुंच गई है या पहुंच रही है। यही नहीं, सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ लोकसभा क्षेत्र के लोगों को मिले इसके लिए मैं बराबर प्रयासरत रहता हूं। मेरे द्वारा पिछले 10 वर्षों में जो क्षेत्र का विकास किया गया आज उसका परिणाम दिखाई पड़ रहा है। जिस इलाके में पांच लोग साथ चलने को तैयार नही होते थे। आज वहां पर सैकड़ो की संख्या में लोग मेरे साथ चल रहे हैं यह मेरे 10 वर्षों की पूंजी है। कार्यकर्ताओं ने जिस आशा विश्वास के साथ पिछले दो बार से मुझे सांसद बनाया। उनके द्वारा दिए गए जिम्मेदारी को मैंने पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास किया है। मेरा हमेशा प्रयास रहा है कि कार्यकर्ताओं की कसौटी पर मैं खरा उतर सकूं । इस बार क्षेत्र की जनता ने कहा है कि तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी द्वारा आपको प्रत्याशी बनाया गया है। इसलिए हम लोग संकल्प लेते हैं कि तीसरी बार आपको 3 लाख से अधिक मतों से जिताएंगे। जन आशीर्वाद कार्यक्रम में अपार जन समर्थन मिल रहा है। सांसद विनोद सोनकर इसके बाद कांटी शुकुलपुर, जहानाबाद, लक्ष्मणापुर, किलहनापुर, अहिबरनपुर, काशीपुर मोहन, हथिगवां, मोहद्दीनगर, पुरनेमऊ, शेखपुर, भदरी, अखितयारी कोटिला, फूलमती, खिदिरपुर, सरायं सैद खां, बिहार, भाव, साहू की चरही, करैनी, नगरहन का पुरवा, आजाद नगर,जमलामऊ, कुढ़ा, बिहरिया, जौसावा, राम नगर चौराहा, शकरदहा, टोड़ी का पुरवा नौढिया, धनवासा, हीरागंज, कमासिन में यात्रा का समापन हुआ। जगह जगह कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा नेता अखिलेश द्विवेदी, सांसद मीडिया प्रभारी एवं कौशांबी लोकसभा के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, विधानसभा प्रभारी रवीन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, संयोजन बृज किशोर त्रिपाठी, भाजपा नेता मनोज तिवारी,डॉ0 सुमन साहू, कमलेश सोनकर, चेयरमैन प्रतिनिधि उदय शंकर पांडेय, योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, पवन गौतम, विस्तारक सौरभ, महेश सिंह फौजी, सिद्दार्थ शंकर श्रीवास्तव, चुन्ना तिवारी, अनिल मौर्य, सतीश मिश्र, गोलू शुक्ल, धीरेन्द्र मौर्य, प्रधान सूरज शुक्ल, ज्ञान चन्द्र यादव फौजी, मनीष शुक्ल टिशू, सरोज त्रिपाठी, संजय सोनकर, सन्तोष पाण्डेय, राम राज शुक्ल, सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पांच किलोमीटर दूर से पानी लाते हैं डडवा गांव के लोग

## ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान कराया आकृष्ट

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी डडवा गांव के लोगों को खारे पानी से निजात नहीं मिल सका। लोग पांच किलोमीटर दूर साइकिल व मोटर साइकिल पर पानी भरकर घर ले आते हैं तो खाना पकाते और पानी पीकर अपनी प्यास बुझते हैं।

पट्टी तहसील क्षेत्र के डडवा गांव की आबादी लगभग दो हजार की है। जिसमें ब्राह्मण, दलित, बिंद, यादव, शर्मा, बस्ती के लोग रहते हैं। यहां पर खारे पानी से निजात पाने के लिए 1997 में पूर्व तत्कालीन मंत्री प्रोफेसर शिवाकांत ओझा ने ग्रामीणों को खारे पानी से छुटकारा दिलाने के लिए एक करोड़ दो लाख रुपए की लागत से टंकी का निर्माण कराया ताकि लोगों को स्वच्छ जल पीने और खाना पकाने के लिए मिल सके। लेकिन वहां बनी टंकी का पानी भी खारा निकला। ग्रामीणों के लिए बनाई गई पानी की टंकी भी बेकार हो गई है।और उसका जीर्णोद्धार नहीं हो सका और टंकी झाड़ियों के बीच ढक गई। जिससे गांव में पानी



साइकिल से पानी का डिब्बा लेकर जाता बच्चा।

की समस्या बनी हुई है। पानी के लिए आज भी लोगों तरस रहे हैं। गांव के दया शंकर तिवारी,मोहित तिवारी, रामचंद्र, बबलू, सुरेंद्र दुबे,राम मूरत बिंद प्रहलाद बिंद छोटे लाल शर्मा सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी के लिए बड़ी असुविधा है। हैंडपंप लगे हैं लेकिन खारा पानी होने के कारण पानी पीने व खाना पकाने की बात तो दूर लोग कपड़े भी नहीं धोते। गांव के बहते नाले के पानी में कपड़े धोते है। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए तत्काल पानी की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

## डडवा गांव के खारे पानी से नहीं पकती दाल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** डडवा गांव में पानी की इतनी समस्या है कि गांव के लोगों को घर में खाना पकाने और पानी पीने व कपड़े धोने के लिए इस चिलचिलाती धूप में पांच किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। तब जाकर घर में खाना बनता है,और ग्रामीणों की प्यास बुझाते है। यही हाल उडैयाडीह बाजार का यहां पर लगे इंडिया मार्का हैंडपंप खराब पड़े पानी के लिए बाजार के दुकानदार तरस रहे हैं।

## अवैध शराब बरामद, आरोपी धराया

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। लालगंज पुलिस ने गश्त के दौरान शुक्रवार को जगन्नाथपुर निवासी दिलशेर गौतम को दस लीटर अवैध शराब के साथ धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ उपनिरीक्षक भागवत नारायण ने आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया है।

# गोवर्धन पूजा उत्सव में भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का हुआ बखान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के सांगीपुर वार्ड में बुधवार को गोवर्धन पूजा उत्सव में श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। श्रीरामचरितमानस पाठ के साथ संस्कृत विद्वान पं. विद्याभूषण शुक्ल जी के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य भगवान श्रीकृष्ण का श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन किया। पं0 विद्याभूषण शुक्ल ने कहा कि गोवर्धन पूजा हमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा निरंकुशता के अभिमान को चूर चूर कर धर्म की रक्षा का संदेश प्रदान किया करती है। संयोजक पं. श्याम सुन्दर त्रिपाठी व संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री शेषनाथ तिवारी ने उत्सव में संस्कृत विद्वान पं. विद्याभूषण शुक्ल को सम्मानित किया। गोवर्धन पूजा उत्सव को लेकर हुए भण्डारे में भी देर शाम तक श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण करते दिखे। कार्यक्रम के सह संयोजक शम्भूनाथ त्रिपाठी तथा ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी के संयोजन में हरेकृष्ण हरे राधे का मनमोहक संकीर्तन भी हुआ। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सभासद कैलाशनाथ त्रिपाठी, दिलीप शुक्ल, प्रो. श्यामबिहारी शुक्ल, आचार्य विनोद कुमार त्रिपाठी, रामसुमेर मिश्र आदि रहे।

## घुश्मेश्वरनाथ धाम में 15वां यज्ञोपवीत संस्कार 26 को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विगत वर्षों की भांति पौराणिक स्थली बाबा घुश्मेश्वरनाथ धाम में 26 अप्रैल दिन शुक्रवार को 15वां सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार समारोह आयोजित किया गया है। शिवम् साहित्यिक मंच की हुई बैठक में आगामी 26 अप्रैल को सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार समारोह के आयोजन का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंच के संस्थापक आचार्य प्रताप नारायण मिश्र ने कहा कि समारोह का व्यय आयोजन समिति वहन करेगी। जिन बटुकों को संस्कार कराना है, वे आयोजन समिति से सम्पर्क कर अपना नाम दर्ज करा दे। बैठक में आचार्य आदित्य नारायण द्विवेदी को संयोजक और आचार्य बृजेन्द्रमणि तिवारी को व्यवस्थापक नियुक्त किया गया। बैठक में आयोजन समिति के प्रमुख लोगों में आचार्य विद्या भूषण मिश्र, आचार्य दिनेश मिश्र, व्यापार मंडल अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, आचार्य विपिन त्रिपाठी, फूलचंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे। संचालन आचार्य अशोक मिश्र ने किया।

# गाजे-बाजे के साथ अधिवक्ताओं ने चुनाव में किया नामांकन, चढ़ी चुनावी रंगत

## अध्यक्ष पद के चार व उपाध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी का धूमधाम से हुआ नामांकन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद समेत पांच नाम निर्देशन पत्र दाखिल हुए। सुबह से ही तहसील परिसर में चुनावी रंगत का माहौल परवान चढ़ा दिखा। प्रत्याशियों को गाजेबाजे के साथ तहसील परिसर में समर्थकों सहित चुनाव समिति के कार्यालय पहुंचकर नामांकन करते देखा गया।

चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अध्यक्षता में समिति के पदाधिकारियों ने नामांकन पत्रों को प्राप्त किया। अध्यक्ष पद पर गुरूवार को पूर्व महामंत्री संदीप सिंह, शैलेन्द्र कुमार मिश्र, संतोष पाण्डेय तथा विनोद कुमार मिश्र ने समर्थकों के साथ चुनाव समिति कार्यालय में अपने नामांकन दाखिल किये। वहीं उपाध्यक्ष पद पर बालेन्दु कुमार त्रिपाठी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। चुनाव समिति के महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने दाखिल नामांकन पत्रों के साथ आये प्रस्तावकों व समर्थकों के शपथ पत्रों का सत्यापन कराया। नाम निर्देशन प्रक्रिया की देखरेख अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश के साथ राममोहन सिंह, राधारमण शुक्ल, वीरेन्द्र सिंह अगई, शिवाकान्त उपाध्याय, विकास मिश्र, बेनी लाल शुक्ल, रामलगन यादव, लाल राजेन्द्र सिंह व एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने किया। चुनाव समिति के प्रवक्ता विकास मिश्र ने बताया कि गुरूवार को अध्यक्ष पद पर नामांकन करने को लेकर सुबह पूर्व अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने चुनाव समिति के सदस्य पद से त्यागपत्र सौंपा। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के पूर्व एल्डर कमेटी व चुनाव समिति द्वारा संतोष का त्याग पत्र स्वीकार कर लिया गया। इधर गुरूवार को अध्यक्ष पद के लिए घनश्याम मिश्र, संतोष, राजेन्द्र चन्द्र तिवारी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए विभाकरनाथ शुक्ल तथा महामंत्री पद के लिए अरविन्द पाण्डेय व हरिश्चन्द्र पाण्डेय व संजीव कुमार तिवारी एवं महेश पटेल तथा उपाध्यक्ष पद के लिए आशीष कुमार तिवारी एवं सदस्य पद पर मो0 असलम ने नामांकन पत्र खरीदा। गुरूवार को अधिवक्ताओं के चुनाव को लेकर तहसील परिसर में दिन भर गहमागहमी का माहौल बना दिखा। आज शुक्रवार को भी पूर्वान्ह ग्यारह बजे से अपरान्ह दो बजे तक प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया जारी रखी जाएगी। लालगंज प्रतापगढ़। प्रेम-प्रसंग में एक किशोरी ने गुरुवार की दोपहर घर के कमरे में छत के हुक से फांसी के फंदे पर लटककर जान दे दी। किशोरी को फंदे पर लटका देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को किशोरी के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सामाजिक धरोहरों के संरक्षण के लिये बाल संग्रहालय की हुई स्थापना

## सत्येन्द्र बहादुर सिंह इंटर कालेज में हुई निबंध प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्व विरासत दिवस के अवसर पर आज बाबागंज ब्लाक के सत्येंद्र बहादुर सिंह इंटर कॉलेज में विरासत के महत्व पर निबंध प्रतियोगिता और बाल संग्रहालय की स्थापना की गई। बाल संग्रहालय की स्थापना विद्यालय के शिक्षक आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई।

शिक्षक ने कहा कि आज विश्व विरासत दिवस है ऐसे में हम अपने बच्चों को उनके पूर्वजों के सामाजिक




बाल संग्रहालय में मौजूद विद्यालय की छात्राएं।

सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व से जोड़ने के लिए संग्रहालय का जीवन में योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अनामिका यादव कामिनी शिल्पकार प्रथम रूबी मौर्य द्वितीय और मानसी साक्षी सोनाली गौतम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ इन सभी छात्रों को शिक्षक ने सम्मानित किया और बताया कि आज विश्व विरासत दिवस है हमें अपने पूर्वजों के बारे में जानने में संग्रहालय का विशेष महत्व है जहां पर पुरातात्विक अवशेष रहते हैं जिनको देखकर हमारे बच्चे आज से हजारों वर्ष पहले के सामाजिक धार्मिक और सांस्कृतिक प्रवेश से परिचित हो सकते हैं ऐसे में आज विद्यालय में बाल संग्रहालय की स्थापना की गई जिसमें बच्चे उन पुरानी वस्तुओं का संग्रह करेंगे जो अब देखने को नहीं मिलते हैं और इसके साथ ही उन प्राचीन गीतों को अपने दादी मम्मी आदि से सुनकर लिखेंगे जो पहले विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में गाए जाते थे उनका भी संग्रह विद्यालय में किया जाएगा जिससे आने वाली पीढ़ियां अपने भूत में होने वाली चीजों को वर्तमान में जानेंगे इस मौके पर ओम प्रकाश पांडे राहुल प्रवीण आदि लोग मौजूद रहे।

## थ्रेसर की चपेट में घायल युवती का इलाज के दौरान मौत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** गेहूं की मडाई कर रही युवती थ्रेसर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका इलाज के दौरान प्रयागराज में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के डड़वा महोखरी गांव के रहने वाले हरिशंकर बिंद की बेटी माधुरी (22) एक सप्ताह पहले गेहूं की मड़ाई कर रही थी। इस दौरान वह थ्रेसर की चपेट में आ गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे आनन फानन में सीएचसी पट्टी लेकर गए, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद माधुरी की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरो ने उसे मेडिकल कॉलेज प्रयागराज रेफर कर दिया, जहां बुधवार को उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों का रो-रो बुरा हाल हो गया है।

# सीडीओ ने प्रशिक्षण स्थल जीआईसी का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल ढंग सम्पन्न कराने हेतु मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/प्रशिक्षण नवनीत सेहारा ने मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ का निरीक्षण किया। राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ में प्रशिक्षु पीठासीन और मतदान अधिकारी प्रथम को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षित किया गया। निरीक्षण के दौरान दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने पीठासीन और मतदान अधिकारी प्रथम से निर्वाचन सम्बन्धी प्रश्न पूछे, ईवीएम मशीन सम्बन्धी जानकारी ली।

उन्होने मतदान कार्मिकों से प्रश्न पूछे कि चैलेंज वोट क्या होता है, टेंडर वोट क्या है, वोटर स्लिप क्या है, एपिक क्या है, कंट्रोल यूनिट का क्लोज बटन कब दबाया जाता है, बीबी पेट को कब ऑन किया जाता है, आदि महत्वपूर्ण प्रश्न किये। उन्होंने कहा कि ईवीएम को जोड़ना सीखे लें, मशीन सम्बन्धित सभी प्रक्रिया को अच्छी तरह से जान लें। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि मतदान कार्मिकों को गम्भीरतापूर्वक एवं अच्छे से प्रशिक्षण दें ताकि निर्वाचन की प्रक्रिया को मतदान कार्मिक अच्छे से समझकर जनपद में मतदान सकुशल सम्पन्न कराएं। प्रशिक्षण में सुपर मास्टर ट्रेनर्स के रूप में डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मोहम्मद अनीस एवं एआरपी धर्मेन्द्र ओझा रहे तथा टेक्निकल मास्टर ट्रेनर के रूप में अशोक शुक्ला एवं नसीमुद्दीन रहे। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक राकेश प्रसाद, उप शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक/सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक सरदार सिंह, प्राचार्य एवं उपनिदेशक ग्रामीण विकास संस्थान अफीम कोठी प्रतापगढ़ मंजू वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, आईटीआई कुण्डा प्रधानाचार्य रूपेश शुक्ला सहित कुलश्रेष्ठ तिवारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शिव बहादुर मौर्य, सुशील त्रिपाठी, अशोक मौर्य बृजेश मिश्रा वंशीधर पाण्डेय, अमित कुमार दुबे, शुभम कुमार, बृजेन्द्र स्वरूप निगम, आनन्द कुमार जान, वसीम, रणवीर, नीरज मिश्रा, रामकुमार सिंह, सुशील सिंह, शशांक कुमार वैश्य और प्रशिक्षु कार्मिक उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली अंतर्गत पूरे ब्रह्मचारी मोठिन गांव की (16) वर्षीय किशोरी का शव गुरुवार दोपहर घर के भीतर छत के कब्जे में फंदे से लटकता मिला। किशोरी का शव फंदे पर लटका देखा तो परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

छानबीन के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर तरह-तरह की बातें हो रही हैं। पुलिस की छानबीन में सामने आया है कि किशोरी ने प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या की है। हालांकि परिवार के लोग इस बारे में कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे हैं। घर में किसी प्रकार का सुसाइड नोट भी नहीं मिला। प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टया जांच में आत्महत्या करने की बात सामने आ रही है। इसके पीछे वजह प्रेम प्रसंग बताई जा रही है। हालांकि परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है।

## चोरी की बैटरी के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना मानिकपुर से उ0नि0 शत्रुघ्न वर्मा मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के रहमत अली तिराहे (रेलवे क्रॉसिंग) के पास से थाना मानिकपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 53/24 धारा 457, 380 भादवि से संबंधित अभियुक्त बबलू उर्फ शेरा पुत्र स्वर्गीय इकबाल निवासी ममरखापुर मिरगढवा थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ को (लीव फास्ट) बैटरी के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई।


## भाजपा व सपा में होगी सीधी टक्कर

# भाजपा से पूर्व सांसद व सपा से पूर्व मंत्री के पुत्र हैं आमने-सामने

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कौशाम्बी लोकसभा का चुनाव जैसे जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे ही रहस्य की परते गहराती जा रही है। सीधे तौर पर दो राजनितिक दल मैदान मे आमने सामने होंगे, भाजपा ने जहां दो बार के सांसद विनोद सोनकर पर दांव आजमाया है तो समाजवादी पार्टी ने पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज के बेटे पर दांव खेला है। नये चहरे पुष्पेंद्र सरोज जिनकी विदेश मे पढ़ाई लिखाई हुयी है उनका सपा कैडिडेट के रूप मे मैदान मे आने से लोगों के बीच इस बात की चर्चा है। यद्यापि कि उन्हे राजनितिक अनुभव तो नही है लेकिन सादगी पसंद युवा को अगर मौका दिया जाये तो पिता कि विरासत और विरादरी मे अलग पहचान उनके लिए संजीवनी साबित हो सकती है। भाजपा के दो बार के सांसद और संगठन पर पकड़ रखने वाले नेता के रूप मे विनोद सोनकर भाजपा प्रत्याशी के तौर पर मजबूती से चुनाव लड़ते दिखाई दे रहे है।

500 वर्षो के बाद अपने मंदिर में बिराजे प्रभु श्रीराम का सहरा भाजपा के लिए वरदान बन सकता है और अंततः उसके उम्मीदवार को विजय भी दिलवा दे तो कोई नई



सांसद विनोद सोनकर।

बात नहीं होगी, लेकिन जिस तरह से ब्राह्मण मतदाता लांबंद होता नजर आ रहा है, उससे तो यही लगता है कि लड़ाई कांटे की होने जा रही है। आज इन्ही सब बातों की पड़ताल करने प्रतिनिधि कौशाम्बी लोकसभा के कुंडा, मानिकपुर, सिराथू, मंझनपुर, ओसा, कमासीन और बसुहार गांव के लोगों से मुलाक़ात किया। चुनाव की बात करते ही लोगों के चेहरे पर अजीब से भाव देखने को मिलता है, जो साबित करता है कि मतदाताओं मे चुनाव के प्रति वो रुझान देखने को नही मिल रहा है जिसको लेकर चुनाव जाने जाते हैं। कुंडा में जहां सपा और भाजपा समर्थकों को छोड़ दीजिये तो प्रायः लोगों का यही कहना था कि राजा भैया के साथ हुआ खेल उनका समर्थक पचा नहीं पा रहा है। वहीं सपा के प्रत्याशी के साथ एक ही पहचान है कि वो तेज तर्रार दलित नेता के पुत्र है और राजनीति का कार्य अनुभव नहीं है। वैसे उनका मृदुल व्यवहार और विदेश मे अध्ययन करना उनकी शख्सियत को अलग दिखाने के लिए काफी है। अब देखने वाली बात ये है कि समय के साथ ये सबित हो जायेगा कि कौशाम्बी कि जनता किसे अपना बागडोर सौंपती है? लेकिन अभी तक तो चुनाव को लेकर रहस्य मई वातावरण बसन चुक्स हसी।

## खबर संक्षेप

### क्षत्रिय मतदाताओं के रंग में रंगने लग गए हैं पश्चिम शरीरा थानेदार धीरेंद्र सिंह

**कौशाम्बी पश्चिमी।** उत्तर प्रदेश के क्षत्रिय मतदाताओं के रंग में पश्चिम शरीरा थानेदार धीरेंद्र सिंह रंगने लग गए हैं थानेदार के कारनामे से पुलिस वर्दी शर्मसार हो रही है पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ठाकुरों ने शपथ ली है कि वह भाजपा को मतदान नहीं करेंगे और भाजपा का विरोध करेंगे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षत्रियों के बयान के बाद थानेदार धीरेंद्र सिंह भी भाजपा के विरोध में उतर चुके हैं हालांकि ड्यूटी में होने के चलते खुलकर तो विरोध नहीं कर रहे हैं लेकिन दबी जुबान से वह भाजपा प्रत्याशी का विरोध कर मतदाताओं को प्रभावित कर रहे हैं थानेदार के कारनामे के चलते कुछ भाजपाइयों ने निर्वाचन आयोग से शिकायत कर इन्हें दंडित कराने का प्रयास शुरू कर दिया है हालांकि पहले धीरेंद्र सिंह सांसद योगी की सुरक्षा में लगे थे लेकिन योगी की सुरक्षा से इन्हें हटा दिया गया है जिससे यह योगी से भी नफरत करते हैं।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत

**मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना करने वाली कार को अपने कब्जे में ले लिया है**

अखंड भारत संदेश




**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के रसूलपुर के सामने बुधवार की रात्रि लगभग 7:00 बजे बाइक सवार को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े हैं अधिक चोट लग जाने के कारण उनकी हालत गंभीर है आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और परिजनों को दी गई मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को इलाज के लिए प्रयागराज के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया है इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई है मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना करने वाली कार को अपने कब्जे में ले लिया है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के सिहोरी गांव निवासी सिपाही लाल केशरवानी पुत्र बेनी प्रसाद का एक मकान नबीपुर में बन रहा है बुधवार की रात्रि लगभग 7:00 बजे वह मजदूरों के लिए नाश्ता लेकर बाइक से वापस नबीपुर जा रहे थे जैसे ही रसूलपुर के सामने सिपाही लाल केशरवानी पहुंचे इलाहाबाद की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बैगनआर कार ने सिपाही लाल की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे सिपाही लाल बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए होहल्ला सुनकर मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना थाना पुलिस के साथ घायल के परिजनों को दी गयी मौके पर पहुंचे परिजनों ने सिपाही लाल को इलाज के लिए इलाहाबाद के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां गुरुवार की सुबह सिपाही लाल की मौत हो गई है मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## तांगा बोग्गी का बम टूट कर लगने से बोग्गी चालक की मौत



**कौशाम्बी।** चरवा थाना अन्तर्गत चरवा उत्तर थोक गांव का सम्मारे उम्र 42 वर्ष पुत्र स्व बचई पासी तांगा बोग्गी चलाकर अपने बच्चों का भरण-पोषण करता रहा। बुधवार की सुबह करीब 9 बजे तांगा बोग्गी चालक सम्मारे पड़ोस के ही विजय कुमार पुत्र श्रीराम के गेहूं का भूसा लादकर खेत से निकाल रहा था। मेढ़ को पार करते समय अचानक तांगा बोग्गी का बम टूटकर सम्मारे के सीने में लगा। सम्मारे के सीने में गम्भीर चोटें आ जाने से मौके पर ही दम तोड दिया है। लोगों के द्वारा परिजनों को जानकारी हुई तो परिजनों के होश उड़ गये। मृतक के छः बच्चें हैं। तीन लड़कियां करीना, करिश्मा, नगीना व तीन लड़के सूरज, शनि, नीरज हैं। मृतक के पत्नी की एक वर्ष पहले मौत हो गई है। मृतक की पत्नी की मौत हो जाने से बच्चों के जीने का पिता का सहारा था। पिता भी दुनिया से चले गये। माता - पिता की मौत हो जाने से बच्चे अपने आप को अनाथ महसूस करने लगे हैं। बच्चों का रो- रोकर बुरा हाल है। मृतक का बड़ा बेटा सूरज ने चरवा पुलिस को सूचना दिया मौके पर चरवा पुलिस पहुंच कर डेड बॉडी को कब्जे लेकर पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## न्यूज झरोखा

### तिलक समारोह की रसोई में लगी आग बकरी सहित गृहस्थी जलकर राख



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावां कूड़ा पुर गांव के गोपाल सरोज पुत्र राम लखन सरोज का वृहस्पतिवार को तिलक समारोह था। तिलक समारोह के आयोजन की तैयारियां चल रही थी। रिस्तेदारो का आवागमन शुरू ही था। सुबह करीब 10 बजे जैसे ही हलवाई के द्वारा खाना बनाने का कार्यक्रम शुरू ही किया गया था। उसी समय जैसे ही हलवाई ने गैस सिलेंडर में आग पकड़ाई गैस सिलेंडर लिकेज होने के कारण आग अपना विकराल रूप धारण करते हुए रसोई भण्डार के छप्पर में आग फैल गई। जिसमें सात बकरी ट्रैक्टर, ट्रैक्टर की ट्राली और खाना बनाने वाले अन्य सामग्री छप्पर सहित जलकर राख हो गया है। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दिया। फायर ब्रिगेड के देर से पहुंचने पर गृहस्थी जलकर राख हो गई है। ग्रामीणों की काफी मशक्कत के बाद जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक पीड़ित की गृहस्थी जलकर राख हो गई है। आग लग जाने से तिलक समारोह का कार्यक्रम फीका पड़ गया है। पीड़ित ने चरवा पुलिस को सूचना दिया मौके पर चरवा पुलिस पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

### बिजली की शॉर्ट सर्किट से लगी आग एक बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक

**बेनीराम कटरा कौशाम्बी।** सराय अकील थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बसुहार में बिजली की तार से निकली चिंगारी से किसान की एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका है वरना आसपास के अन्य किसानों की खेत की फसल जलकर राख हो जाती इन दोनों प्रतिदिन कहीं ना कहीं बिजली के शॉर्ट सर्किट से गेहूं के फसल में आग लग रही है जिससे किसानों का बड़ा नुकसान हो रहा है। जानकारी के मुताबिक बसुहार गांव निवासी बृजेश नारायण मिश्रा पुत्र बजरंग नारायण मिश्रा के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में गुरुवार की दोपहर बिजली की तार के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई देखते-देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और तेज लपट के साथ गेहूं की फसल जलने लगी फसल जलती देखकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने हो हल्ला मचाया जानकारी मिलते ही खेत मालिक भी मौके में पहुंच गए मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई फायर ब्रिगेड को भी घटना की सूचना दी गई सूचना मिलने के बाद मौके पर तमाम किसानों के साथ-साथ पुलिस और फायर ब्रिगेड पहुंची कड़ी मसक्कत के बाद गेहूं के खेत में लगी आग को बुझाया जा सकता है तब तक किसान के खेत की एक बीघा गेंहू की फसल जल कर राख हो गयी बताया जाता है कि किसान का 50000 से अधिक का नुकसान हुआ ह

### शिक्षा ग्रहण करने के बाद भवंस मेहता में सहायक प्रवक्ता के पद पर चयनित हुई संजू



**महगाव कौशाम्बी।** चरवा क्षेत्र के हरदुआ में दलित परिवार में जन्मी संजू पुत्री रोशन लाल पासी की उच्च शिक्षा भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी में हुई थी उसके बाद संजू ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से परा स्नातक और डी फिल की डिग्री ली है। भवन्स मेहता महाविद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने वाली डॉ संजू का चयन सहायक प्रवक्ता के पद पर हो गया है और संजू की नियुक्ति जीजीआईसी बहराइच में प्रवक्ता के पद पर हुई थी वहां से इनका स्थानांनता भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में सहायक प्रवक्ता के पद पर हुआ है सहायक प्रवक्ता बनने के बाद संजू के परिवार के साथ-साथ गांव और रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है संजू के पति दिल्ली विश्वविद्यालय के विवेकानंद कॉलेज में सहायक प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं अपनी इस सफलता का श्रेय डॉ संजू ने अपने परिवार माता-पिता पति भाई और गुरुजनों को दिया है आसपास के रहने वाले लोग रिश्तेदार और जानने वाले लोगों ने संजू को बधाई दी है सहायक प्रवक्ता के पद पर चयनित दलित समुदाय की बेटी डॉक्टर संजू ने अपने परिवार के साथ-साथ अपने समाज का नाम रोशन किया है

### विजली की शॉर्टसर्किट से लगी आग लगभग पांच बिस्वा गेहूँ की फसल जलकर राख

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के करेंटी ग्राम सभा में विजली तार के शॉर्ट सर्किट से गेहूँ की फसल में आग लग गयी जिसमें लगभग पांच बिस्वा गेहूं की फसल जल कर राख हो गयी आग लगने की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गयी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने जल रही फसल की आग को बुझा दिया खेत में खड़ी गेहूं की फसल में जल रही आग पर काबू करते हुए अन्य फसलों को जलने से बचाया है पीड़ित किसान सन्त कुमार पांडेय पुत्र जगजीवन लाल निवासी कशिया पश्चिम ने बताया कि लाइट की तार से चिंगारी गिरने से आग लगी हैं जिससे काफी नुकसान हुआ है पीड़ित किसान ने कहा कि विजली की वजह से लगातार फसलों में लग रही है और आग से किसानों की बबार्दी होती जा रही हैं आखिर इन सब की जिम्मेदारी कौन लेगा।

### एक रक्तदान,बचाए जीवन चार

**नेक्स्ट क्लीनिक द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 19 लोगों ने किया रक्त दान**

**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा नेक्स्ट क्लीनिक के प्रोपराइटर प्रोपराइटर डॉ पुष्कर केसरवानी व वर्षा केसरवानी द्वारा स्वर्गीय रामखेलावन केसरवानी की 27 वीं पुण्य तिथि पर टांडा मार्ग पर निशुल्क परामर्श एवं दवा वितरण कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर का आयोजन कराया इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने निः शुल्क दवा वितरण और स्वास्थ्य परामर्श का लाभ उठाया रक्त दान शिविर में कृष्णा ब्लड एवं कंपोनेंट सेंटर के स्वास्थ्य कर्मियों ने हिमांशु कुमार, संजय कुमार, अंकित कुमार, मुजीब अहमद ,मनीष कुमार दीनदयाल, बृजेश कुमार अग्रहरी आर्यन केसरवानी, तुषार केसरवानी सहित19 लोगों से रक्तदान कराया इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया रक्त दान करने वाले लोग 3 माह तक किसी भी ग्रुप का अपने और अपने परिजनों को रक्त की आवश्यकतानुसार ले सकते हैं रक्तदान शिविर में ऐसी संख्या देख स्वास्थ्य कर्मियों और नगर के प्रबुद्ध जीवियों ने आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया है इस मौके पर महेंद्र सिंह,व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रहरी राकेश कुमार केसरवानी आर्य समाज के मंत्री विजय कुमार व्यापार मंडल अध्यक्ष गुड्डू केसरवानी ,करन सिंह, सरवन केसरवानी, रमेश चंद केसरवानी गुड़ वाले मौजूद रहे हैं रक्तदान में हिस्सा लेने वाले एवं समस्त उपस्थित लोगों का आयोजक कपूर चंद केसरवानी ने आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया है।

# मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को दिया गया प्रथम प्रशिक्षण

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को कार्यों/दायित्वों के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए एम0वी0 कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज,ओसा में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम) को सामान्य एवं ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम) को एम0वी0 कान्वेट स्कूल एवं कालेज,ओसा में दिये जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण कर जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को उनके कार्यों/दायित्वों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आप लोग पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें व दिये गये निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें तथा अपने कार्यों/दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए निर्वाचन निष्पक्ष,पारदर्शी, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराए। निर्वाचन में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने ई0डी0सी0 (इलेक्शन ड्यूटी प्रमाण-पत्र) तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराए गए मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह नीतीश यादव एवं श्री विकास पाण्डेय द्वारा मतदान कार्मिकों को सामान्य प्रशिक्षण यथा-वास्तविक मतदान तिथि के एक दिन पूर्व (पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन) के कार्य/दायित्व की विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार मतदेय स्थल पर की जाने वाली कार्यवाही,बूथ व्यवस्था,वास्तविक मतदान के दिन की कार्यवाही, मॉक पोल, ईवीएम मशीनों का संयोजन, विशेष परिस्थिति आने पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के नियत समय पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के बाद की जाने वाली कार्यवाही आदि के बारे में विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया।

मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण यथा-वीवीपैट,बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करना, मॉक पोल,स्पेशल टैग लगाना, ईवीएम मशीन की सीलिंग एवं मतदान से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं के विषय में विधिवत प्रशिक्षण दिया गया।

तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा द्वारा मतदान कार्मिकों को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के विषय में प्रशिक्षण दिया गया इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड,अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा एवं तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सपा के राष्ट्रीय महासचिव के खिलाफ वायरल वीडियो मामले में तहरीर

**अझुवा कौशाम्बी।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज के खिलाफ दारानगर के पूर्व प्रधान बृजेश गौतम ने कड़ा धाम में एप्लीकेशन दी है। आरोप है की इंद्रजीत सरोज ने सपा कार्यालय में एक जातीय के लोगों के खिलाफ अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए, बिरादरी को बदमाश बताया था। हालाकि ये विडियो पिछले साल 14 अप्रैल का बताया जा रहा है। एप्लिकेशन लेकर कड़ा धाम प्रभारी आशुतोष सिंह ने वादी को आश्वासन दिया है की प्रकरण की जांच कराई जाएगी, मामले को उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए कारवाई कराई जाएगी।

## दलित युवक को दबंगो ने रास्ते में रोककर धमकाया थाने में की शिकायत

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मलाक मोईनउद्दीनपुर गांव के रहने वाले एक दलित युवक को दबंगो ने बेवजह ही रास्ते में घेरकर जाति सूचक गाली गलौज देकर धमकाया तो मामला संदीपन घाट थाना पहुंच गया। मिली जानकारी के मुताबिक मलाक मोईनउद्दीनपुर गांव के रहने वाले प्रियंतक कुमार पुत्र स्व. पन्ना लाल ने संदीपन घाट थाना प्रभारी को शिकायती प्रार्थना देकर बताया कि जब वह गुरुवार को दोपहर करीब दो बजे अपने खेत की तरफ जा रहा था तभी वहां पहले से मौजूद उमरछा गांव के विजय राज व ओमकार, रितेश, विजय कुमार और मोहनपुर गांव का अभय व एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रियंतक को रास्ते में रोककर बेवजह गाली गलौज देकर जाति सूचक शब्दो प्रयोग कर कहने लगे की तेरी हिम्मत कैसे हुई इधर आने की पीड़ित ने जब इसका विरोध किया तो उक्त उसे मारने पीटने को आमादा हो गए। तब प्रियंतक किसी तरह से उन लोगों से दूर हटकर अपनी जान बचाई। उसके बाद इसकी सूचना संदीपन घाट थाने दी गई पीड़ित के मुताबिक उक्त लोग आए दिन मलाक मोईनउद्दीनपुर के कछार के पास बैठ कर शराब पीकर रास्ते से आती जाती लड़कियों महिलाओं के साथ भी अभद्रता करते हैं। पीड़ित की शिकायत को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल में जुट गई है।

# स्कूल वैन पर अचानक गिर पड़ी बिजली की तार



**कौशाम्बी।** जिले के करारी थाना क्षेत्र में बिजली विभाग और नगर पंचायत कर्मचारियों की लापरवाही के चलते एक बड़ा हादसा होते होते बच गया,स्कूल वैन के आगे अचानक बिजली की तार टूटकर लटक गई,गनीमत रही कि स्कूल वैन चालक ने तत्काल ब्रेक मार दी,और स्कूल वैन तार को नही टच हो पाया,अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।नगर पंचायत करारी में घनी के बीच गुरुवार सुबह बड़ा हादसा होते होते टल गया। यहां स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक स्कूल वैन के सामने अचानक बिजली का तार टूटकर गिर गया,लेकिन वैन के चालक ने तत्काल ब्रेक मारकर वैन को रोक लिया,गनीमत रही कि स्कूल वैन में बिजली की तार टच नही हो पाई,अन्यथा बस सवार लगभग बच्चों की जान पर आफत बन आती। करारी क्षेत्र के एक निजी विद्यालय की स्कूल वैन गुरुवार सुबह बच्चो को लेकर स्कूल जा रही थी। करारी में कृष्ण नगर मोहल्ला स्थित विहिप कार्यालय के पास बस के सामने अचानक 11 हजार वोल्ट का बिजली का तार टूटकर गिर गया। यह देख चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल ब्रेक लगा दी। जिससे तार बस को छू नहीं सका। नागरिकों का कहना है कि तार बस के संपर्क में आता तो बड़ी घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि, उस वक्त बिजली की सप्लाई भी चालू थी।बहरहाल, तार टूटने की जानकारी होते ही जेई तत्काल हरकत में आ गए। उन्होंने फौरन सप्लाई बंद करवाई। इसके बाद लाइनमैन की टीम भेजकर वहां पर नया तार लगवा दिया। इस बीच तकरीबन आधे घंटे के लिए आपूर्ति बाधित रही।

## निर्वाचन ड्यूटी वाले लोग पोस्टल बैलेट के माध्यम से कर सकते हैं मतदान

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार पंचम चरण में जनपद-कौशाम्बी में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए दिनांक-20 मई, 2024 मतदान तिथि नियत हैं। ऐसे मतदाता,जो कौशाम्बी के वोटर लिस्ट में सम्मिलित हैं, किन्तु किसी अन्य जनपद में मतदान की तिथि-20 मई 2024 को निर्वाचन ड्यूटी पर रहेगें और कौशाम्बी आकर भौतिक रूप से मतदान नहीं कर सकते हैं, ऐसे अधिकारी/कर्मचारियों के लिए एम0 वी0 कान्वेन्ट स्कूल एण्ड कालेज, ओसा मंझनपुर, कौशाम्बी में स्थापित किये गये वोटर फैसिलिटेशन सेन्टर (सुविधा केन्द्र) में दिनांक-10 मई 2024 से 13 मई 2024 तक प्ररूप-12 के साथ निर्वाचन ड्यूटी की छायाप्रति एवं मतदाता फोटो पहचान पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

# शौच के लिए गई किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म

**मामला एक समुदाय का होने के नाते थाने में घंटों चली पंचायत, नही बनी बात शिकायत पर केस दर्ज**

**कौशाम्बी।** करारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की दोपहर एक किशोरी गांव के बाहर नहर की तरफ शौच के लिए गई थी। वहां पहले से मौजूद एक किशोर ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी ने किशोरी का मुंह दबाकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। घर पहुंची किशोरी ने लोकलाज के कारण घर में नही बताया। बुधवार की सुबह पीड़िता ने आपबीती अपने पिता से बताई। मामला एक ही समुदाय का होने के नाते पहले तो गांव में ही पंचायत की गई। बात न बनने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस किशोर और किशोरी की थाना लाई। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस गम्भीर धारा में मुकदमा दर्ज.कर जांच में जुट गई है।

करारी इलाके के एक गांव का अधेड़ मजदूरी करता है। उसकी पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। बताया कि मंगलवार की दोपहर उसकी 17 वर्षीय बेटी गांव के बाहर नहर की तरफ शौच के लिए गई थी। आरोप है कि वहां पर पहले से घात लगाए बैठा गांव का ही उसी समुदाय के एक किशोर ने किशोरी को पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी ने किशोरी दुराचार किया। आरोपी के चंगुल से छूटने के बाद रोती बिलखती किशोरी अपने घर पहुंची। लोकलाज वश किशोरी ने यह बात किसी से नहीं बताई। बुधवार की सुबह पीड़िता ने अपने पिता से आपबीती बताई तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। मामला एक ही समुदाय का होने के नाते पहले तो दोनो के परिजनों के बीच सुलह का प्रयास किया गया। बात नही बनने पर घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस दोनों को थाना लाई। थाने पर भी दोनों पक्षों के बीच घंटो पंचायत चली। जिसमे किशोरी के पिता ने आज ही दोनों का निकाह कराने और बालिग होने पर बेटी को रुखसत करने की बात कही। जिसपर किशोर व उसके परिजनों ने इनकार कर दिया। घटना की तहरीर पीड़िता के पिता ने पुलिस को दिया है। पुलिस मामले में केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# रामरथ यात्रा के साथ सजधज करारी में निकाली गई राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर हजारों की संख्या में लोगों की मौजूदगी में भगवान श्री राम की रामरथ यात्रा पूरे उमंग के साथ करारी कस्बे में निकाली गई जो कि नगर के विभिन्न मुहल्लों से होते हुए रामलीला स्थल पर आकर समाप्त हुई। यात्रा में नवयुवकों के साथ बुजुर्ग बच्चों वह महिलाओं ने भी अपनी बड़ी उपस्थिति दर्ज कराई।

गुरुवार को करारी कस्बे में भारी उमंग के बीच हजारों भक्तों की मौजूदगी में भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा में लोगों ने भगवान श्री राम के जयकारे लगाते हुए उनके जन्मोत्सव पर अपनी खुशियों का इजहार किया। यह यात्रा कस्बे के किंग नगर के हनुमान मंदिर से हनुमान मंदिर से निकलकर सोनाराम टोला कृष्णा नगर, इंद्र नगर से नगर चौराहे सहित पूरे कस्बे का भ्रमण किया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में बुजुर्गों महिलाओं के साथ युवाओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण, वेद प्रकाश सत्यार्थी, संगठन मंत्री वेद प्रकाश राय, जसवंत सिंह, संजय जायसवाल, अमित पाठक, बजरंगी लाल, गणेश वर्मा, प्रदीप जायसवाल, रमेश चंद शर्मा, गणेश वर्मा, बृजेश अग्रहरी, बच्चा प्रधान, अंगद कुशवाहा, श्याम सुन्दर केशरवानी सहित हजारों की संख्या में संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मजदूरी का पैसा मांगने पर ठेकेदार ने दिया मारने की धमकी

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बलीपुर टाटा गांव के रहने वाले गौरा पासी पुत्र शिवलोचन पासी ने चरवा थाना प्रभारी को शिकायती प्रार्थना देकर बताया कि विनोद कुमार कोरी उर्फ.बिल्टी निवासी ग्राम जीत का पूरा थाना चरवा ठेकेदारी का काम करवाता है। जिसने गौरा पासी को व महेंद्र कुमार पुत्र पंछी लाल दोनों को काम करवाने के लिए ले गया था। उसके बाद गौरा पासी को 5500 रूपय दिए, जिसमें से 36500 रूपए बाकी है। महेंद्र कुमार को 10000 रुपया दिया जिसमें से 32000 रुपया बाकी है। टोटल दोनों का 68500 रुपया बाकी है ।गौरा पासी जब अपना बकाया पैसा मांगने विनोद कुमार के पास गए तो वह गाली गलौज देते हुए मारने पीटने की धमकी दे रहा था कहता है कि जहां शिकायत करना है कर दे मैं नहीं डरता हूं। पीड़ितो के अनुसार विनोद कुमार दबंग किस्म का व्यक्ति है। मजदूरी करवाने के बाद उनकी मजदूरी नहीं दे रहा है। पीड़ितो की शिकायत पर पुलिस के मामले को दर्ज कर जांच पड़ताल में जुड़ गई।

# मोदी के झूठे जुमले ने छीन लिया गरीब, किसान युवाओं की खुशहाली : गौरव पांडेय

**भ्रष्ट्र और विलुप्त संसद को कौशाम्बी के मतदाता पराजित करेंगे और सांप्रदायिकता के मुंह पर मारेंगे जोरदार तमाचा**

**भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाए रखने की जिम्मेदारी डीएम के कंधे में है यह भरोसा विपक्ष को भी होना चाहिए**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिला कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष गौरव पांडेत ने एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पांच गारंटी हिस्सेदारी न्याय किसान न्याय श्रमिक न्याय युवा न्याय नारी न्याय को जन-जन तक पहुंचना है इसमें मीडिया के सहयोग की जरूरत है उन्होंने कहा कि मोदी के झूठे जुमले ने गरीब किसान युवा की खुशहाली छीन ली है लेकिन इंडिया गठबंधन सरकार बनते ही गारंटी देता है कि वह जन-जन को राहत देगी और खुशहाली वापस लाएंगे उन्होंने कहा कि कौशांबी के भ्रष्ट्र और विलुप्त संसद को यहां के मतदाता पराजित करेंगे और सांप्रदायिकता के मुंह पर जोरदार तमाचा मारेंगे उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में पुष्पेंद्र सरोज को कांग्रेस पूरा समर्थन करेगी और विलुप्त सांसद विनोद सोनकर को पराजित कर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज को जनता लोकसभा भेजेगी उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकताओं का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उत्पीड़न करने वालों को मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

पूर्व विधायक विजय प्रकाश ने कहा कि अगर कांग्रेस के कार्यकताओं को प्रशासन ने छेड़ा तो उन्हें मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा और जनता की लड़ाई लड़ी जाएगी किसी भी कीमत पर सांप्रदायिक तत्वों को हम मोहब्बत के गुलदस्ते को बिखरने नहीं देंगे गांधी नेहरू अंबेडकर मौलाना आजाद के विचार पर हम सब को चलना होगा अमन शांति तरक्की का यही एक रास्ता है वक्ताओं ने जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला प्रशासन को आगाह करते हुए कहा कि भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाए रखने की जिम्मेदारी आपके कंधे में है यह भरोसा विपक्ष को भी होना चाहिए।

वार्ता के दौरान पूर्व विधायक चायल विजय प्रकाश पूर्व अध्यक्ष तलत अजीम जिलाध्यक्ष कौशांबी गौरव पांडेय हंजला उस्मानी राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, राजेश साहनी प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी, कांग्रेस छात्र इकाई जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी 'आजाद', आशीष मिश्रा पप्पू ,देवेश श्रीवास्तव, सुरेंद्र शुक्ला , दीपक पांडे ,नैय्यर रिजवी, मो सफीक कौशलेश द्विवेदी मीडिया कोऑर्डिनेटर कौशांबी अजगर मदनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

# इलेक्टोरल बॉन्ड्स बना मुख्य चुनावी मुद्दा

**ऐसे वक्त** में जब लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये मतदान प्रारम्भ होने में कुछ ही घंटे रह गये हैं और इस चरण के अंतर्गत जिन सीटों पर चुनाव होने जा रहे हैं, वहां प्रचार भी थम गया है, इलेक्टोरल बॉन्ड्स प्रमुख चुनावी मुद्दा बनकर उभरता नजर आ रहा है। यह भारतीय जनता पार्टी के लिये निश्चित ही चिंता की बात होगी क्योंकि इस पर विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस द्वारा जैसा हमला उस पर हो रहा है वह इसलिये अधिक चिंतनीय है क्योंकि ये आक्रमण सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हो रहे हैं। उन्हें इस भ्रष्टाचार का सूत्रधार बतलाया जा रहा है। चूंकि भाजपा का सारा प्रचार नरेंद्र मोदी पर ही टिका है, अगर यह मुद्दा मतदाताओं के जेहन में बैठ गया तो भाजपा का अपने दम पर 370 तथा सहयोगी दलों के साथ मिलकर बने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन के 400 पार के नारे की धज्जियां उड़ जायेंगी। शायद यही कारण है कि मोदी बार-बार इस योजना (इलेक्टोरल बॉन्ड्स) को सही साबित करने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं विपक्ष जान गया है कि उसके हाथ एक ऐसा अस्त्र लग गया है जिसके बल पर भाजपा को इस चुनाव में धूल चटाई जा सकती है। उल्लेखनीय है कि इस साल फरवरी महीने में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना को असंवैधानिक घोषित करने के साथ ही भाजपा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बैकफुट पर आती दिख रही है। पिछले 10 वर्षों से कांग्रेस को परिवारवाद के अलावा मोदी व भाजपा जिस मामले को लेकर सर्वाधिक कोसती थी, वह गांधी कुटुम्ब तथा उसका कथित भ्रष्टाचार ही रहा है। बाजी उस वक्त पलट गई जब देश के सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र की भाजपा सरकार की इस योजना को ही भ्रष्टाचार का तरीका ठहरा कर उसे बेनकाब कर दिया। यही कारण है कि देश के कई अखबारों व चैनलों को नरेंद्र मोदी इन दिनों साक्षात्कार दे रहे हैं जिसका प्रमुख मुद्दा इलेक्टोरल बॉन्ड्स ही है। ऐसा नहीं कि वे केवल इसी पर बात कर रहे हों पर उनके हाल के दिये ज्यादातर इंटरव्यू में जिस प्रमुखता से वे इस पर बातें कर रहे हैं उससे साफ है कि उन्हें इस मामले को लेकर कुछ ज्यादा ही सफाई देनी पड़ रही है। जैसा कि कहा जाता है कि उनके ज्यादातर साक्षात्कार उन्हीं की प्रचार टीम द्वारा तैयार होते हैं, स्वाभाविकतः उनमें यह मुद्दा बहुत ही खास स्थान पा रहा है। ज्यादातर लोग यह मानते हैं कि साक्षात्कारों की प्रश्नावली मोदी के कार्यालय या उनकी नजरों से गुजरती ही है। जिनमें उनकी सहमति हो वे ही सवाल इसमें रखे जाते हैं। अब तमाम साक्षात्कारों में इलेक्टोरल बॉन्ड्स के बारे में श्री मोदी जो कह रहे हैं उनमें यह बात जरूर होती है कि 'जो लोग आज इसे लेकर उत्साहित हैं वे आगे जकर पछताएंगे।' वे यह भी कह रहे हैं कि 'पहली बार चुनावी चंदे का ट्रेल पता चल रहा है वरना पूर्ववर्ती सरकारों के समय तो पता भी नहीं चलता था कि किसी भी पार्टी को कहां से चंदा मिल रहा है।' हालांकि वे यह नहीं बता रहे हैं; और कोई पूरक प्रश्न पूछ भी नहीं रहाहै कि अगर वे पारदर्शिता के इतने ही हिमायती हैं तो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुप्रीम कोर्ट को इस योजना के बाबत सारी जानकारी देने से क्यों आनाकानी कर रहा था। खासकर, सरकार के इशारे पर किसलिये कारोबारियों के संगठन अदालत के सामने इस गुहार के साथ पहुंचे थे कि चंदा देने वालों के नाम उजागर न किये जायें। प्रधानमंत्री मोदी तो चुनावी बॉन्ड्स के बारे में जो कह रहे हैं, वह अपनी जगह पर है परन्तु खबरों के मुताबिक वित्त मंत्रालय अब इस योजना को संशोधित स्वरूप में लाने की योजना बना रहा है- बावजूद इसके कि देश आम चुनाव की दहलीज पर खड़ा है और मोदी सरकार केवल कार्यवाहक है। जिस सरकार व प्रधानमंत्री को शीर्ष कोर्ट द्वारा असंवैधानिक घोषित कर दी गई योजना पर शर्मिंदा होना चाहिये था, वे न केवल इसका शिद्दत से बचाव कर रहे हैं बल्कि इसका दूसरा संस्करण लाने की भी तैयारी कर रहे हैं, वह भी चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद। इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर मोदी की हठधर्मिता इस कदर है कि वे कोर्ट की अवमानना की परवाह किये बिना ही इसके पक्ष में बोल रहे हैं, मीडिया में अपना पक्ष रख रहे हैं और उसे फिर से पेश करने की तैयारी भी कर रहे हैं। दूसरी तरफ विपक्ष ने भी जान लिया है कि यह मोदी की कमजोर नब्ज है जो उसके हाथ लग गई है। सो वह पूरी ताकत से उसे दबा रही है। दरअसल इसके कई आयाम एक साथ उजागर हो गये।

# कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण करने वालों से कुछ उम्मीदें


**- सर्वमित्रा सुरजन**

**यूपीएससी** की सफल लोगों की कहानियों को भुनाते हुए कुकुरमुत्तों की तरह कोचिंग संस्थान खुल चुके हैं, जहां दड़बों में ठुंसी हुई मुर्गियों की तरह छात्रों को भरा जाता है। लाखों की फीस उनके अभिभावक देते हैं, और बहुतों को ये उम्मीद रहती है कि बच्चा सफल हो जाए तो सरकारी रौब का स्वाद चखने मिले। हालांकि इस स्वाद की कल्पना और हकीकत में काफी फर्क है। देश में सबसे कठिन माने जाने वाली परीक्षा यूपीएससी के नतीजे मंगलवार शाम को घोषित हुए। पिछले कुछ सालों से शीर्ष स्थान लड़कियों को मिल रहा था, इस बार लड़कों को प्रथम और द्वितीय आने का मौका मिला है। संघ लोक सेवा आयोग ने 28 सौ से अधिक उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए चयनित किया था, जिनमें से 1016 लोगों को सफलता मिली है। मतलब यह कि 50 प्रतिशत से अधिक लोगों को नाकामी हाथ लगी है। और अगर यूपीएससी की प्रिलिम्स और मेन्स परीक्षा के अभ्यर्थियों की बात करें तो करीब 13 लाख लोगों ने ये परीक्षाएं दी थीं। 13 लाख में केवल 28 सौ साक्षात्कार के स्तर तक पहुंचे और वहां से एक हजार 16 लोग सफल होकर निकले। हालांकि नतीजे आने के बाद से शीर्ष 50 स्थान पर आने वालों की ही ज्यादा चर्चा मीडिया में है। बाकी साढ़े नौ सौ लोगों की सफलता की कहानी या तो उनके परिजन सुनाएंगे या उन्हें कोचिंग देने वाले संस्थान। यूपीएससी में सफल होने वालों के संघर्ष की कहानियां भी अब बाहर आनी शुरू हो चुकी हैं। ऐसा होना भी चाहिए क्योंकि इनसे उस राह पर आगे बढ़ने वालों को प्रेरणा मिलती है कि जब वो ऐसा कर सकते हैं तो हम भी कर सकते हैं। हाल ही में एक फिल्म आई थी बारहवीं फेल, जो सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म में ऐसी ही सफलता की कहानी है, जिसमें गांव की स्कूल से पढ़ा एक लड़का, बार-बार की असफलता और आर्थिक परेशानियों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन से आखिरकार यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर ही लेता है और साक्षात्कार में बैठे लोगों को यह बखूबी समझा देता है कि हिंदी या अंग्रेजी केवल माध्यम हैं, असल बात तो लोगों की समस्याओं और जज्बात को समझने की है। फिल्म में एक और किरदार है, जिसने साक्षात्कार पर पहुंचने के अपने सारे मौके ले लिए, लेकिन किसी तरह सफल नहीं हुआ, तो फिर अपने अनुभव से दूसरों को प्रशिक्षण देने लगा। यह किरदार रि स्टार्ट यानी फिर से शुरू करना चाहिए, जैसे गीत से प्रेरणा देता नजर आया है। फिल्म में यह सब देखने-सुनने में अच्छा ही लगता है, क्योंकि बात दो-ढाई घंटे की होती है, हम किरदारों से खुद को जोड़ लेते हैं और उनके साथ भावनाओं में डूबने-उतरने लगते हैं। मगर हकीकत कितनी अलग होती है,

इसका एक उदाहरण ट्विटर पर देखने मिला, जिसमें एक असफल अभ्यर्थी ने आंकड़े दिए कि 12 प्रयास, 7 बार मेन्स और 5 बार साक्षात्कार, फिर भी असफलता हाथ लगी, शायद जिंदगी का दूसरा नाम ही संघर्ष है। यह केवल एक असफलता और निराशा का उदाहरण नहीं है, बल्कि यहां वो मलाल भी नजर आ रहा है जिसमें जीवन के सुनहरे बरस व्यर्थ हो गए।

# कर्नाटक में कांग्रेस दे रही भाजपा-जद (एस) को कड़ी टक्कर

**कल्याणी शंकर**







**कांग्रेस सरकार** ने पिछले साल किये गये पांच आवश्यक चुनावी गारंटियों को लागू कर दिया है, जिसमें महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, शिक्षा के लिए धन में वृद्धि और रोजगार सृजन शामिल था। ये वायदे क्षेत्र के मतदाताओं की विशिष्ट चिंताओं को दूर करने और सामाजिक कल्याण और आर्थिक विकास के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करने के लिए तैयार किये गये थे। कर्नाटक में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं जिसके लिए 26 अप्रैल और 7 मई को सभी 28 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होंगे। कांग्रेस पार्टी और भाजपा-जद(एस) गठबंधन मतदाताओं का समर्थन हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा उम्मीदवारों के प्रचार के लिए कई बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। भाजपा को पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा का समर्थन प्राप्त है, जो लिंगायत समुदाय के बीच प्रभावशाली हैं जो राज्य में एक महत्वपूर्ण वोट बैंक हैं। यह चुनाव कर्नाटक के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं और इसके इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण हैं। कर्नाटक अतीत में कांग्रेस का गढ़ रहा है। इसने आपातकाल के बाद भी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का समर्थन किया, जो इसके राजनीतिक महत्व का एक प्रमाण है। यह ऐतिहासिक महत्व इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी की जीत से स्पष्ट है, दोनों ने कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के लिए सीटें जीतीं।ये चुनाव सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है बल्कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी-जनता दल (सेक्युलर) गठबंधन के बीच एक बड़ी लड़ाई है। वे कर्नाटक के राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा के दोबारा प्रवेश का प्रतीक हैं। चुनाव नीतिगत प्राथमिकताओं और शासन शैली को बदल सकता है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था और समाज के विभिन्न क्षेत्रों पर संभावित प्रभाव पड़ सकता है। परिणामों का लोगों के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा, जिससे शासन प्रक्रिया में उनकी भागीदारी और समझ महत्वपूर्ण हो जायेगी। भाजपा दक्षिण में अपने क्षेत्रीय प्रभुत्व को मजबूत करने, राष्ट्रीय राजनीति में अपनी स्थिति बढ़ाने और दक्षिण भारत में अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार करने के लिए आगामी कर्नाटक चुनावों में विजयी होना चाहती है। इसके विपरीत, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस राज्य में अपनी सरकार की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, जद(एस) अत्यधिक प्रतिस्पर्धी राजनीतिक माहौल में जीवित रहने का प्रयास कर रहा है। संक्षेप में, जद (एस) राज्य में एक राजनीतिक दल के रूप में अपनी प्रासंगिकता बनाये रखने का प्रयास कर रहा है।कर्नाटक में भाजपा का प्रचार अभियान पीएम मोदी की उपलब्धियों और कांग्रेस की विफलताओं पर केंद्रित है। यह दो प्रभावशाली समुदायों, लिंगायत और वोक्कालिगा को लक्षित करता है, जो इसकी चुनावी रणनीति के लिए महत्वपूर्ण हैं। राज्य में एक प्रमुख समुदाय होने के नाते लिंगायत पारंपरिक रूप से भाजपा का समर्थन करते रहे हैं।


इसके विपरीत, एक अन्य प्रभावशाली समुदाय वोक्कालिगा, जद (एस) का मजबूत जनाधाररहा है। भाजपा की चुनावी सफलता के लिए इन समुदायों पर जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है।भाजपा को कुछ स्थानीय संघर्षों का सामना करना पड़ रहा है। 2014 के बाद पहली बार पार्टी में खुली बगावत हुई है। इसकी वजह भाजपा-जेडी(एस) गठबंधन है, जिसे अभी तक अच्छा समर्थन नहीं मिला है। कांग्रेस के भी अपने बागी उम्मीदवार हैं। कांग्रेस कर्नाटक में एससी, एसटी और मुसलमानों पर भरोसा रख रही है।

कांग्रेस सरकार ने पिछले साल किये गये पांच आवश्यक चुनावी गारंटियों को लागू कर दिया है, जिसमें महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, शिक्षा के लिए धन में वृद्धि और रोजगार सृजन शामिल था। ये वायदे क्षेत्र के मतदाताओं की विशिष्ट चिंताओं को दूर करने और सामाजिक कल्याण और आर्थिक विकास के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करने के लिए तैयार किये गये थे।एडिना, न्यूज 18 और इंडिया टुडे ग्रुप के तीन चुनाव पूर्व सर्वेक्षण कर्नाटक के आगामी चुनावों के लिए परस्पर विरोधी परिणामों की भविष्यवाणी करते हैं। एडिना का अनुमान है कि कांग्रेस 17 सीटें जीतेगी, और भाजपा-जेडी(एस) गठबंधन को 11 सीटें मिलेंगी। न्यूज 18 का अनुमान है कि एनडीए 25 सीटें जीतेगी, कांग्रेस केवल 3।इंडिया टुडे ग्रुप का अनुमान है कि एनडीए 53फीसदी वोट शेयर के साथ 24 सीटें जीतेगी। इंडिया गठबंधन को 42फीसदी वोट शेयर के साथ केवल चार सीटें मिलने की उम्मीद है। ये सर्वेक्षण वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य का एक स्नैपशॉट प्रदान करते हैं। वे पाठकों को चुनाव के संभावित परिणामों का अनुमान लगाने में मदद कर सकते हैं।

2019 के चुनावों से एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है जब कांग्रेस और जद (एस) सहयोगी थे। भाजपा का लक्ष्य पुराने मैसूर में वोक्कालिगा वोटों को सुरक्षित करना और चुनाव को अपने पक्ष में झुकाना है। पुराने मैसूर क्षेत्र का एक प्रमुख समुदाय वोक्कालिगा पारंपरिक रूप से जद (एस) का समर्थन करता रहा है। इस समुदाय पर जीत हासिल करने की भाजपा की रणनीति में जाति-आधारित पहुंच, विकास के वायदे और जद (एस) सरकार की विफलताओं को उजागर करना शामिल है। सफल होने पर, यह रणनीति चुनाव परिणाम और राज्य के राजनीतिक परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है। भाजपा ने अपने उम्मीदवारों में एक शीर्ष हृदय रोग विशेषज्ञ, मैसूरु शाही परिवार के सदस्य और एक पूर्व मुख्यमंत्री को मैदान में उतारा है। इसने कुछ नये चेहरों को भी मैदान में उतारा है। कांग्रेस में कई मंत्रियों के रिश्तेदार हैं और ये उम्मीदवार नतीजों पर असर डाल सकते हैं। इसने ताकतवर राजनेताओं के परिवार के सदस्यों को मैदान में उतारकर जोखिम उठाया है। 2008 में जब से भाजपा ने अपनी पहली सरकार बनायी, तब से 'गिराने का खेल' जारी है। पैसा और पद अक्सर विधायकों को वफादारी बदलने के लिए लुभाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में जटिलता की एक और परत जुड़ जाती है। वोट पाने के लिए दोनों पार्टियां पैसा और उपहार खर्च करने को तैयार हैं। दोनों गठबंधनों की पार्टियों के पास पैसा है और मतदाताओं को लुभाने के लिए सभी को भारी रकम चुकानी पड़ रही है। कई उम्मीदवारों को पार्टी लेबल की चिंता नहीं है। उनकी चिंता सत्ता हासिल करने की है। देखना होगा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कर्नाटक के मतदाता किस तरह अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं।

# लोकतंत्र के यज्ञ की प्रथम आहुति से पहले

@ राकेश अचल




**अठारहवीं लोकसभा के लिए 19 अप्रैल 2024 को मतदान का** पहला चरण है। आप इसे डूबते, मरते, सिसकते लोकतंत्र के पुनर्जीवन के लिए होने जा रहे महामृत्युंजय यज्ञ की प्रथम आहुति भी कह सकते हैं। दरअसल ये शब्द इसलिए इस्तेमाल कर रहा हूँ ताकि घोर सनातनियों की समझ में भी ये बात आ जाये कि यज्ञ में आहुति आँखें बंद कर नहीं दी जाती, इसके लिए आँखें खोलकर रखनी पड़तीं हैं। आँखें बंद कर किया जाने वाला कोई भी काम मनोरथ को पूरा नहीं करता।

पिछले 77 साल में ये दूसरा मौका है जब लोकसभा के चुनाव बेहद विषम परिस्थितियों में हो रहे हैं। 1977 में भी कमोवेश ऐसी ही स्थितियां थीं, लेकिन आज जैसी गंभीर स्थितयां नहीं थीं। तब सत्ताधीशों के मन में तानाशाही का बीज अंकुरित हुआ था। 2024 में ये वटवृक्ष बन गया है। अंकुरित बीज को जनता ने एक झटके में उखाड़ फेंका था लेकिन तानाशाही के वटवृक्ष को उखाड़ने में उसकी दो कोशिशें नाकाम हो चुकी हैं। ये तीसरा और शायद आखरी अवसर है जब जनता तानाशाही को निर्मूल कर लोकतंत्र को निर्जीव होने से बचा सकती है।

देश में जिन जगहों पर 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है, वहां चुनाव प्रचार बुधवार थम चुका है किन्तु भीतर ही भीतर मतदाता का अनमोल मत हड़पने की साजिशें जारी हैं। प्रथम चरण में देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर जनता तय करेगी की उसे तानाशाही चाहिए या लोकतंत्र। आजकल चुनाव में प्रचार थमता नहीं है। प्रचार थमने की औपचारिकता होती है। नेता देश कि किसी भी कोने में खड़े होकर भाषण दे सकते हैं और उसका असर उन क्षेत्रों में भी होता है जहाँ औपचारिक रूप से चुनाव प्रचार रोक दिया जाता है। केंचुआ अभी इस बीमारी का तोड़ नहीं खोज पाया है।

आप मानें या न मानें किन्तु अठारहवीं लोकसभा का चुनाव किसी समुद्र मंथन से कम नहीं है। सत्ता सुंदरी को हासिल करने के लिए एक तरफ तानाशाही और प्रतिक्रियावादी शक्तियां हैं और दूसरी और लोकतान्त्रिक और समतावादी शक्तियां। सत्ता हासिल करने के लिए सत्तारूढ़ दल की नजर इस बार उत्तर के मुकाबले दक्षिण पर ज्यादा है। दक्षिण भारत के तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 19 अप्रैल को मैदान है। भाजपा इस लोकसभा चुनाव में एनडीए के लिए 400 सीट और पार्टी के लिए 350 सीट जीतने के लिए संघर्षरत है। इसीलिए भाजपा ने दक्षिण के राज्यों में विशेषकर तमिलनाडु में एड़ी- चोटी का जोर लगा दिया है।

तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई खुद कोयंबटूर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। अन्नामलाई भाजपा के लिए कितनी मलाई ला पाएंगे ये ४ जून को पता चलेगा। पहले चरण के लिए होने वाले मतदान में केंद्रीय मंत्री एल मुरगन, कांग्रेस के पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम के बेटे कीर्ति चिदंबरम, एआईएमआईएम के जेवियर दास, तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल टी सौंदर्यराजन और यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे ए राजा का भविष्य तय होना है।

देश को सबसे ज्यादा संसद देने वाले उत्तर प्रदेश में केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान जीत के लिए मैदान में हैं। इस सीट पर समाजवादी पार्टी ने हरेंद्र मलिक तो बसपा ने दारा प्रजापति को चुनावी मैदान में उतारा है। नगीना सीट से भीम आर्मी चीफ और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद भी चुनावी मैदान में है। पूर्व के सबसे महत्वपूर्ण राज्य असम के डिब्रूगढ़ सीट से केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल चुनावी मैदान में है। इससे पहले इस सीट से केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री रामेश्वर तेली सांसद थे। उनका टिकट काटकर सोनोवाल को दिया गया है।

पांच साल पहले खंड-खंड किये गए जम्मू और कश्मीर की उधमपुर सीट से दो बार चुनाव जीतकर मोदी मंत्रिमंडल में जगह बनाने वाले सांसद जितेंद्र सिंह तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। राजस्थान की अलवर सीट से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव। बीकानेर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल के सामने कांग्रेस के पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल चुनावी मैदान में हैं। मन मारकर राजनीति कर रहे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी महाराष्ट्र की नागपुर सीट से हैट्रिक लगाने के चुनावी मैदान में है। 2014 और 2019 में उन्होंने दो लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज की थी साल 2019 में उन्होंने मौजूदा महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले को 2.16 लाख वोटों से हराया था। गडकरी भाजपा का उदार चेहरा हैं और प्रधानमंत्री मोदी जी के बाद सबसे जयादा लोग उन्हें पसंद करते हैं। वे पार्टी के राष्ट्रिय अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

देश के सुप्रीम कोर्ट को लगातार धमकाने वाले केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू अरुणाचल प्रदेश की अरुणाचल पश्चिमी सीट से मैदान में हैं। 2004 से सांसद बन रहे किरेन रिजिजू तीन बार इस सीट से चुनाव जीत चुके है। उनका मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नवाब तुकी से है। यानि आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम और एक पूर्व राज्यपाल सहित 1625 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला पहले चरण के मतदान से होना है। यूपी की 8 और उत्तराखंड की सभी 5 सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 39, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, उत्तराखंड की सभी पांच, अरुणाचल प्रदेश की दो, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की एक, असम की चार, मध्य प्रदेश की 6, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो, मिजोरम और त्रिपुरा की एक-एक और पश्चिम बंगाल की तीन सीटों पर मतदान होगा।

केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर, अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट पर भी मतदान होगा।

पहले चरण के लिए मतदान से पहले तमाम सत्ता प्रतिष्ठान के पिट्ठू चैनल्स भांति-भाँति के सर्वेक्षणों के जरिये मतदाताओं का ध्यान भंग करने का प्रयास करेंगे, इसलिए जरूरी है कि मतदाता इन सबसे अपने निर्णय को प्रभावित न होने दे। मतदाता को तय करना होगा कि उसे पांच क्या दस साल में केंद्र की सत्ता से क्या मिला और क्या नहीं ? उसने क्या खोया और क्या पाया ?

मतदाता को लोकतंत्र बचाना है या एक चेहरा ? देश का मतदाता प्रबुद्ध है। उसने तानाशाही की पहली कोशिश को भी नाकाम किया था। भविष्य में भी देश और दुनिया उससे यही उम्मीद करती है। मतदाता के मन में कौन है ये ब्रम्हा भी नहीं जान सकते। इति मित्थम।

# बीमार समाज या सिस्टमिक फेल्योर ?

**एन के सिंह**

**अहंकारी बाबा को झटका भी मिला तो सबसे बड़ी कोर्ट से**
**किस्मत तो देख टूटी है जा कर कहाँ कमंद,**
**कुछ दूर अपने हाथ से जब बाम रह गया**

**--कायम चांदपुरी**

धर्म का चोला, योग के नाम पर मदारी का करतब, दार्शनिक ज्ञान के नाम कुछ पिटे-पिटाये श्लोक, विज्ञान की समझ के नाम पर मानव-शरीर के कुछ अंगों का अंग्रेजी नाम और बीमारियों के कारक के रूप में वायरल, सेल और ग्लैंड जैसे टेक्निकल शब्दों का जिक्र. ये है बाबा रामदेव. धार्मिक भावना से आच्छादित विवेक वाले भारतीय समाज के एक बड़े वर्ग के बीच, मोदी जैसे छलाव पैदा करने वाले नेतृत्व के वरदहस्त तले दाढ़ी बाबा से कॉर्पोरेट जायंट तक का सफर किसी समाज की विलुप्त होती तार्किकता और धर्मान्धता की तस्दीक है. यह बताता है कि भारत को गुलाम बनाना आज भी कितना आसान है. घटिया और लगातार टेस्ट में फेल होते प्रोडक्ट्स के बावजूद आयुर्वेद का छौंका लगा कर कोरोना की दवा से लेकर शुद्ध देशी गाय का घी महंगे दामों पर बेंचने वाला बाबा फंसा भी तो तब जब दीवार फांदना मात्र कुछ हाथ हीं रह गया था.

कभी निष्पक्ष विश्लेषण करें तो पायेंगें कि मोदी की स्टाइल और बाबा की स्टाइल में खास अंतर नहीं है बल्कि बहुत सारी समानताएं हैं. उनमें एक खास है --- औडिएंस देखकर सौदा बेचना. याने अगर नुक्कड़ में खड़ी भीड़ हाई स्कूल-इंटर पास नौकरी पेशा लोगों की हो तो बदहजमी और गैस की दवा बेचना और अगर मजदूर वर्ग हो तो कामवर्धक शिलाजीत रात में दूध के साथ खाने पर चमत्कार देखने के वादे के साथ चूर्ण बेचना। देश के प्रधानमंत्री में भी यह अद्भुद ईश्वर-प्रदत्त क्षमता है --वह भीड़ को देख कर उसकी औसत शिक्षा, आय, तबका, समझ और उसकी धार्मिक निष्ठा के बारे में अंदाज लगा सकते हैं. बाबा भी इसका बड़ा प्रैक्टिशनर रहा है.

मकबूलियत और जन-भरोसे के जिस मौजे-सैलाब पर हिलोरें लेता बाबा (और मोदी भी) एफएमसीजी प्रोडक्ट्स में अगले दो सालों में एक लाख करोड़ का टर्नओवर का अश्वमेध मुकम्मल करने जा रहा था वह शायद हीं कोई रोक सकता था. लेकिन सुप्रीम कोर्ट को साधुवाद!! उसने बाबा के वाणिज्यिक अश्वमेध का घोड़ा न केवल रोका बल्कि जब सोटा मार कर तासीर देखी तो पता चला कि यह अरबी नहीं किसी और प्रजाति का (?) है. बाबा पहले तो कोर्ट को अर्दब में लेना चाहा, कोर्ट के आदेशों को ठेंगे पर रखते हुए और ठीक उसके विपरीत काम करते हुए. उसे लगा कि अपना यार तो दुनिया के नेताओं से गलबहियां करता है और अपने भक्त तो इशारे पर अनुलोम-विलोम के नाम पर पार्कों में पेट फूलाते-पिचकाते हैं फिर ये मी लॉर्ड्स किस खेत की मूली हैं. बाबा जैसे लोग शायद रफ़्तार से जमाने को मूर्ख बनाने में भूल जाते हैं कि जो पेट पिचका रहा है, गाय के नाम पर एक वर्ग के घरों में फ्रिज खोलकर मांस की किस्म देख रहा है या दाढ़ी-टोपी वाले को देख कर वंदे मातरम का नारा लगाने को कह रहा है वह भी संविधान की ईमानदार संस्थाओं के तेवर देख कर काँप जाता है. उत्तराखंड की सरकार की क्या हैसियत थी बाबा के झूठे और फर्जी विज्ञापनों पर रोक लगाने की जब पीएम का बाबा पर और बाबा का पीएम एक ने कही, दूजे ने मानी; नानक दोनों ब्रह्मग्यानी वाला हाथ हो. सुप्रीम कोर्ट की सख्ती पर पता चला कि किस तरह बाबा की कम्पनियां भ्रामक विज्ञापन दे कर बड़ी बड़ी बीमारियों का शर्तिया इलाज करने का दावा कर वर्षों से जनता से धोखा कर रही थीं. इसके खिलाफ कानून तो एक नहीं दो थे --- ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट और ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आब्जेक्शनेबल एडवरटीजमेंट) एक्ट. लेकिन कार्रवाई के नाम पर राज्य और केंद्र फाइल-फाइल खेलते रहे. एससी ने कहा कि प्रश्न केवल कोर्ट की अवमानना का या सरकारों की निष्क्रियता का नहीं है बल्कि उन करोड़ों लोगों का है जिनके स्वास्थ्य और जीवन की अपूरणीय क्षति होती रही है. साथ हीं कोर्ट ने माना कि यह केवल एक कंपनी का नहीं बल्कि समूचे एफएमसीजी कंपनियों द्वारा की जा रही धोखेबाजी का है. कोर्ट का रुख देख कर बाबा को उसके वकीलों ने समझाया कि ये काला चोखा पहने न्यायमूर्ति कुछ अलग टाइप की मूर्तियाँ हैं जो छलावा देख कर और भड़कती हैं. भला इसी में है कि मोदी, गेरुआ, करतब, पेट फुलाना, विश्व के मेडिकल ज्ञान को चुनौती देने का दंभ भूल कर शाष्टांग लेमलेट हो जाओ. मरता क्या न करता. पहले बाबा और उसके छोटे ने कोर्ट में सशरीर उपस्थित हो कर बार-बार माफी माँगी, बोले बड़ी गलती हो गयी. यह सुप्रीम कोर्ट हीं था जिसने जब इलेक्टोरल बांड को असंवैधानिक बता कर खत्म किया तो बाबा-मोदी राष्ट्रवाद ब्रांड के समर्थक जो देश के शरीर के हर भाग में मौजूद हैं, उसका एक धड़ा एक बड़े वकील की रहनुमाई में कोर्ट को हीं गुमराह होने के खिलाफ आगाह करने लगा.

# रानीपुर टाइगर क्षेत्र के कर्मियों को डीएम ने बांटे स्मार्टफोन-किट

### डीएफओ बोलेः जंगलों की सुरक्षा में रहें मुस्तैद

**अखंड भारत संदेश**



वनकर्मियों को फोन व किट बांटते डीएम आदि।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के कर्मचारियों को स्मार्टफोन व पेट्रोलिंग किट बांटी।

रानीपुर टाइगर रिजर्व के कर्मचारियों को फोन व पेट्रोलिंग किट गुरुवार को जिलाधिकारी ने मयूर वन सभागार में बांटी। उन्होंने वन कर्मियों से कहा कि रानीपुर टाइगर रिजर्व बन गया है। पहले ये वन्य जीव विहार के नाम से जाना जाता था। केन-बेतवा लिंक का कार्य शुरू हो गया है। मानिकपुर क्षेत्र में पन्ना क्षेत्र से टाइगरों के आने की संभावना है। जो पर्यटकों की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

अब क्षेत्र के कार्य महत्वपूर्ण हो गए हैं। लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर जंगली जानवरों की सुरक्षा करें। सभी लोग अपनी ड्यूटी अच्छे ढंग से करेंगे तो यहां बाहरी पर्यटक आयेंगे। चित्रकूट भौगोलिक दृष्टि से सुंदर लगेगा। जंगल व जंगली पशु-पक्षियों की रक्षा करना सभी का दायित्व है। मानिकपुर क्षेत्र का वन क्षेत्र मप्र से जुड़ा है। ये पहला उत्तर प्रदेश का रानीपुर टाइगर रिजर्व है।

उन्होंने कहा कि रानीपुर टाइगर रिजर्व को विकसित करने में जो कमियां हैं, उन्हें दूर किया जाएगा। वन क्षेत्र के लोगों के भी संपर्क में रहें, ताकि उन्हें कोई समस्या न हो। यहां जो पर्यटक आयेंगे, क्षेत्र के लोगों को भी लाभ होगा। वन कर्मी अपना कार्य सही ढंग से करें। ये जो इलेक्ट्रॉनिक सामग्री दी गई है, उसका अच्छे से उपयोग करें। उपनिदेशक/डीएफओ रानीपुर टाइगर रिजर्व नरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि वन्य जीव विहार से रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र में कार्य करने वाले कम कर्मियों को जो सामग्री दी जा रही है, उसका इस्तेमाल सही ढंग से करें। जंगल में कहीं आग लगने पर तत्काल काबू करने की व्यवस्था करें, ताकि कोई पशु-पक्षी व जंगल की हानि न हो। जो स्मार्टफोन व यंत्र दिए गए हैं, उसके संचालन को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। महुआ बीनने दौरान ग्रामीणों को जागरूक करें, ताकि वन क्षेत्र में आग न लग सके। सबसे अधिक मानिकपुर प्रथम वन क्षेत्र में आग लगने की समस्या रहती है। सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी लगातार भ्रमण कर देखें। जिलाधिकारी से कहा कि वाटर बॉडी को वन क्षेत्र में कई जगह व्यवस्था करनी है। रपटा, मार्ग भी क्षतिग्रस्त हैं। उनका भी निर्माण होना है। कार्यक्रम से पहले डीएफओ ने डीएम को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर उप प्रभागीय वनाधिकारी रानीपुर टाइगर रिजर्व राजीव रंजन सिंह, वन्य जीव प्रतिपालक अधिकारी रानीपुर टाइगर रिजर्व दिलीप कुमार तिवारी, वनाधिकारी हरिशंकर सिंह, नफीस खान समेत संबंधित अधिकारी व वन कर्मी मौजूद रहे।



मतदान को प्रेरित करते स्वीप संतोष मिश्रा।

## लोकतंत्र की मजबूती को करें ज्यादा मतदान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद व सीडीओ/नोडल अधिकारी स्वीप अमृतपाल कौर के निर्देश पर जारी मतदाता जागरूकता अभियान में लोकसभा चुनाव में बीस मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान की गरज से सीपी गौतम महाविद्यालय देउंधा में प्रशिक्षणरत डीएलएड प्रशिक्षुओं को मतदान कराने को प्रेरित किया।

गुरुवार को सहायक नोडल अधिकारी/स्वीप/जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने युवाओं से बढ़- चढ़कर मतदान करने व घर-परिवार तथा पास-पड़ोस के मतदाताओं को मतदान को प्रेरित करने को कहा। लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती को मतदान में सहयोग की अपील की। मतदाताओं को शपथ ग्रहण कराई। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य व स्टाफ के शिक्षक सुरेश प्रसाद, प्रेमचंद, रामदयाल, ललित कुमार आदि मौजूद रहे।

## गैरहाजिर आठ मतदान अधिकारी, दर्ज होगी रिपोर्ट, प्रशिक्षण से रहे गैरहाजिर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने लोकसभा चुनाव को पीठासीन/मतदान अधिकारी प्रथम नियुक्त करते हुए चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में 18 अप्रैल को प्रथम प्रशिक्षण देने को तिथि निर्धारित की थी। इस प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारी प्रथम गैरहाजिर रहे। गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहली पाली दस से एक बजे तक में मान चित्रकार/बन्दोबस्त कार्यालय अंकित विश्वकर्मा पार्टी कोड संख्या 181, वरिष्ठ सहायक पं पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कालेज मऊ नन्द किशोर मिश्र पार्टी कोड संख्या 186, सहायक अध्यापक कम्पोजिट विद्यालय मारकुण्डी ललित कुमार पार्टी कोड संख्या 306, प्रवक्ता पं दीनदयाल उपाध्याय रा गाडल हर्दीकला शशांक मिश्रा पार्टी कोड संख्या 343, दूसरी पाली अपरान्ह दो से शाम पांच बजे तक प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय रगौली रामबाबू पार्टी कोड संख्या 663, सहायक प्रबन्धक एसबीआई मऊ देवेश कुमार शर्मा पार्टी कोड संख्या 727, चकबन्दी लेखपाल कार्यालय बन्दोबस्त अधिकारी जगरूप वर्मा पार्टी कोड संख्या 732, सहायक प्रबन्धक आर्यावर्त बैंक क्षे प्र कार्यालय कार्तिक कुमार पार्टी कोड संख्या 799 ने जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशों का पालन न कर गैरहाजिर रहे। इसके खिलाफ लोकसभा चुनाव कार्य में लापरवाही/उदासीनता बरतने पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिये हैं।

## बनारस के चांदी कारोबारी से चोरी की पांच किलो चांदी बरामद, एक गिरफ्तार, बाकी की तलाश जारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** छह अप्रैल को कर्वी बस स्टैण्ड से बनारस के सर्राफा कारोबारी से लगभग 14 किलो चांदी के बर्तनों की टप्पेबाजी हुई थी। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पत्रकार वार्ता में घटना का खुलासा किया।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में एसओजी/सर्विलांस व कोतवाली कर्वी पुलिस की संयुक्त टीम ने टप्पेबाज अमरनाथ निषाद पुत्र स्व रामराज निवासी गोहनारपुर थाना आलापुर जिला अम्बेडकर नगर को पांच किलो चांदी के बर्तनों समेत गिरफ्तार किया है। इसका अम्बेडकर नगर में अच्छा खासा आपराधिक इतिहास है। इसके कब्जे से पुलिस ने चांदी की 20 थाली, 25 प्लेट, एक जग, तीन गिलास, सौ सुपाड़ी, तीन नारियल व 11 सिन्दूरदानी समेत पांच किलो वजन चांदी के सामान बरामद हुए।



पुलिस गिरफ्त में चोर के साथ खडी पुलिस टीम के बारे में बताते एसपी।

उन्होंने बताया कि टप्पेबाज को मुखबिर की सूचना पर डा राममनोहर लोहिया जूनियर स्कूल पहाड़ी से गिरफ्तार किया है। ज्ञात है कि छह अप्रैल को सोना-चांदी व्यापारी भगवान सिंह पुत्र स्व गनेश सिंह निवासी के 46/146 हरतीरथ कोतवाली काशी कमिश्नरेट वाराणसी का चांदी के सामान से भरा बैग रोडवेज बस से चोरी हुआ था। घटना बाबत कोतवाली कर्वी में मामला दर्ज हुआ था। पुलिस टीम ने एसओजी प्रभारी एमपी त्रिपाठी, कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह, निरीक्षक अपराध राकेश कुमार सिंह, दीवान जितेन्द्र कुशवाहा, दीवान नितेश समाधिया, सिपाही रोहित सिंह, आशीष यादव, रोशन सिंह, गोलू भार्गव, राघवेन्द्र सिंह, पवन राजपूत, ज्ञानेश मिश्रा, दरोगा अनिल कुमार गुप्ता व सिपाही राहुल देव शामिल रहे।

पूंछतांछ में दबोचे आरोपी ने बताया कि तीन साथियों के साथ जीरो रोड बस स्टैण्ड प्रयागराज से से बस में बैठे चांदी कारोबारी का पीछा कर रहे थे। कर्वी बस स्टैंड में मौका पाते ही व्यापारी का झोला चुरा ले गये थे। साथियों की मदद से मोटरबाइक में रखकर फरार हो गये थे। चारों ने चोरी के माल को आपस में बांट लिया था। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी को प्रयास जारी हैं।

## चिल्लामाफी में बिना कीटनाशक छिडकाव के निकाले रुपये

**अखंड भारत संदेश**

### प्रधान-सचिव की मिलीभगत

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के चिल्लामाफी गांव में प्रधान व सचिव की मिलीभगत से फर्जी बिल बाउचर से लाखों रुपये के गोलमाल की खबर मिली है। गुरुवार को चिल्लामाफी गांव में प्रधान-सचिव के गोलमाल का खुलासा हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान-सचिव की मिलीभगत से लम्बे समय से गांव में आये सरकारी धन का बंदरबांट हो रहा है। फर्जी बिल बाउचर से भुगतान कराये गये, गांव में जो विकास कार्य नहीं हुये, उनका भुगतान करा लिया है। हाल में कीटनाशक व अन्य कार्यों को दिखाकर तकरीबर दो लाख 37 हजार का भुगतान सचिव-प्रधान ने कराया है। हकीकत में कीटनाशक दवा का छिड़काव गांव हुआ ही नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि जिलाधिकारी चिल्लामाफी गांव में कराये विकास कार्यों की धरातल पर जांच कराये तो सरकारी धन के बंदरबांट का खुलासा होने में देर नहीं लगेगी।

## तीन के कब्जे से 139 लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से 139 लीटर महुआ शराब बरामद की है। गुरुवार को मानिकपुर थाने के दरोगा मुकेश सिंह परिहार ने मनोज पुत्र मोरिस गिदुरहा के कब्जे से सौ लीटर महुआ शराब बरामद कर गिरफ्तार किया। बहिलपुरवा थाने के दरोगा सुशीलचन्द्र निगम ने उमेश कुमार मवासी पुत्र रामनरेश रामनगर खोखला थाना मझगवां जिला सतना मप्र के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। भरतकूप थाने के दरोगा बालकिशुन ने लाला रावत पुत्र अच्छेलाल रावत खजांची डफाई मजरा अकबरपुर के कब्जे से 29 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।

## एक किलो 325 ग्राम गांजा समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में चौकी प्रभारी खण्डेहा विनय विक्रम सिंह ने बउआ केसरवानी उर्फ अमित केसरवानी पुत्र संतोष केसरवानी कस्बा राजापुर के कब्जे से एक किलो 325 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी खंडेहा विनय विक्रम सिंह व सिपाही प्रवीण पाण्डेय शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में गांजा कारोबारी।

## मतदान कर्मियों को मास्टर ट्रेनर्सों ने दिया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने मतदान कर्मियों के चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में जारी दोनों पालियों में लोकसभा चुनाव मतदान बाबत प्रक्रिया व ईवीएम में मतदान बाबत जानकारी देने को विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों में जाकर निरीक्षण किया।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण कक्ष में बैठकर मतदान बाबत मास्टर ट्रेनर्स के दिये प्रशिक्षण को बारीकी से समझा। उन्होंने निरीक्षण करते हुए मास्टर ट्रेनर्सों से कहा कि मतदान कर्मियों को अच्छे से प्रशिक्षित करें, ताकि मतदान के दिन कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने में मतदान कर्मियों की अहम भूमिका रहती है। चुनाव में मतदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को जरूरी है कि सभी लोग सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया को खासतौर से ईवीएम संचालन की तकनीकी जानकारी से लैश हों। किसी प्रकार की शंका हो तो समाधान कर लें। मास्टर ट्रेनर्सो ने मांक पोल, चेकलिस्ट, मॉडल लेआउट, ईवीएम मशीन संचालन आदि विभिन्न प्रपत्रों बाबत मतदान कर्मियों को जानकारी दी।



बैठकर प्रशिक्षण देखते डीएम।

इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एसडीएम मोहम्मद जसीम, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश, बीएसए लव प्रकाश यादव, ईओ नगर पालिका लालजी यादव समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एसपी के निर्देश पर छह पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में पुलिस ने भोली-भाली जनता में भय- आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले छह लोगों पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने करन पुत्र दुर्ग प्रसाद, दुर्गा प्रसाद पुत्र रामखिलावन, कैलाश पुत्र शारदा निवासी गोसाईंपुर मजरा पराको पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने लालजी पुत्र राजनारायण हरिशनपुर, मुकेश द्विवेदी पुत्र भोला प्रसाद द्विवेदी दरसेडा के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने रामबरन पुत्र गणेश प्रसाद ओरा के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

## महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान को किया प्रेरित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी व नोडल अधिकारी स्वीप के निर्देश पर मतदाता जागरूकता बढ़ाने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने को खासतौर पर महिला मतदान प्रतिशत बढ़ाने को रामनगर बीडीओ की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का प्रशिक्षित किया। गुरुवार को रामनगर ब्लाक में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशाओं को बीडीओ ने निर्देश दिये कि क्षेत्र में चुनाव आयोग की प्रतिनिधि बनकर जायें। प्रत्येक ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता व पोषण दिवस पर महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान को प्रेरित करें। दस्तक अभियान में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर भ्रमण में जाने पर विभागीय कार्य के साथ सभी महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान को को प्रेरित करें। मौजूद महिलाओं-पुरुषों को मतदाता शपथ दिलाई। सभी ने मतदाता हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया। मतदाता सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं समेत मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ डीआईओएस सन्तोष कुमार मिश्र, बीडीओ शैलेन्द्र कुमार सिंह, डीपीओ पीडी विश्वकर्मा, सीडीपीओ वीरेन्द्र कुमार, सीडीपीओ बीएल गुप्ता, महेंद्र पटेल आदि मौजूद रहे।



आशाओं को प्रेरित करते स्वीप।

## पुलिस ने चोर को दबोच बरामद की दो मोटरबाइक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस ने अखिलेश कुमार पुत्र प्रभुदयाल यादव तरांव के कब्जे से चोरी की दो मोटरबाइकों समेत गिरफ्तार किया।ज्ञात है कि 15 अप्रैल को तरांव गांव के राममूरत व गोपाल दुगवां ने थाने में सूचना दी थी कि उनकी मोटरबाइकें अज्ञात चोर चुरा ले गये हैं। पुलिस ने चोरी का मामला दर्जकर खुलासे में जुट गई। थानाध्यक्ष भरतकूप के निर्देश पर दरोगा बालकिशन व दरोगा राजकुमार की टीम ने मुखबिर की सूचना पर फुटवा चैकी रेलवे पटरी के गैंग रेस्ट रूम अकबरपुर से अखिलेश कुमार पुत्र प्रभुदयाल यादव तरांव के कब्जे से चोरी की दो मोटरबाइक बरामद की। माल बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा बालकिशुन, दरोगा राजकुमार, सिपाही शिवम मिश्रा, विजय यादव व सतीश शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में मोटरबाइक समेत चोर।

## प्रमाण पत्र पाकर छात्रायें बोली जागा है आत्मविश्वास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीनियर बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र में आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र बांटे गये। सीनियर बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र में प्रधानाध्यापक श्रीमती सुशीला देवी ने रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र छात्राओं को बांटे। 24 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण छात्राओं को विद्यालय परिसर में प्रशिक्षक/व्यायाम शिक्षक श्याम सुन्दर यादव ने जूडो-कराटे का प्रशिक्षण दिया।गुरुवार को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत स्कूली शिक्षा प्राप्त कर रही छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र प्रधानाध्यापक श्रीमती सुशीला देवी ने बांटते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण छात्राओं की सुरक्षा-गरिमा व स्वाभिमान से जीने को आवश्यक हैं। विपरीत हालातों में ऐसे प्रशिक्षण खासे उपयोगी हैं। समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण होते रहने चाहिए। सरकार के उठाये कदम सराहनीय हैं। सभ्य समाज की पहचान सुरक्षित नारी से होती है। बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देना अच्छा कदम है। प्रमाण पत्र पाने वाली छात्राओं ने कहा कि ये प्रशिक्षण पाकर बहुत अच्छा लगा। उनके अंदर आत्मविश्वास जागा है। विपरीत हालातों में वे मुकाबला कर सकती हैं।




## लिपिक को खुश रखने वाले होमगार्डों की ड्यूटी में नहीं होता बदलाव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** होमगार्ड विभाग जिले में लिपिक के रहमो-करम पर चल रहा है। घर बैठे होमगार्ड वेतन उठा रहे हैं। ये खुलासा गुरुवार को हुआ। कुछ होमगार्ड जवानों ने नाम न छापने के अनुरोध पर बताया कि इन दिनों जिला कमांडेन्ट होमगार्ड कार्यालय में तैनात एक लिपिक के रहमो-करम पर चल रहा है। तकरीबन एक दर्जन होमगार्ड घर बैठे वेतन ले रहे हैं। होमगार्ड प्रति माह लिपिक को निश्चित धनराशि समय से देते हैं। ऐसे होमगार्डों की ड्यूटी मनमुताबिक थाना या अन्य जगहों पर लगा दी जाती है। अथवा कागजों में ड्यूटी जारी रहती है। सम्बंधित होमगार्ड अपने घर में आराम फरमाते नजर आते हैं। जो होमगार्ड जवान प्रतिमाह निश्चित धनराशि लिपिक को देते हैं, उस होमगार्ड की ड्यूटी कई-कई माह तक नहीं बदली जाती। नियमतः प्रत्येक माह हर होमगार्ड की ड्यूटी अलग-अलग स्थानों पर लगनी चाहिए। सुविधा शुल्क देने वाले होमगार्ड के लिए लिपिक नियम-कानून ताक पर रखे है। सही ढंग से जांच करायें तो जिले में तकरीबन दो से तीन दर्जन होमगार्ड लिपिक के रहमो-करम पर घर बैठे वेतन ले रहे हैं। सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। जो होमगार्ड लिपिक को खुश नहीं रखते, उस होमगार्ड को हर माह कभी ट्रैफिक कभी फायर ब्रिगेड तो कभी राजापुर, कोतवाली पहाड़ी व चुनाव ड्यूटी में लगा दिया जाता है। जो होमगार्ड लिपिक का खुश रखते हैं, वह चार-पांच माह तक एक ही जगह पर ड्यूटी करता है।

# सपा-बसपा व कांग्रेस की थी दंगा पॉलिसी, हमारी नीति विकास है : योगी



**बुलंदशहर/ब्यूरो।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आस्था, सुरक्षा व समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक है। सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग कर्फ्यू वाले हैं। इनके राज में महीनों कर्फ्यू लगा रहता था पर आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं है। दंगा कराकर यह लोग प्रदेश को अस्त-व्यस्त करते थे। यह दंगा पॉलिसी चलाते थे, हम विकास की पॉलिसी चलाते हैं। हमारी सरकार में सामान्य प्रदेशवासियों को ह्यराम-रामह्न और माफिया-अपराधियों के लिए ह्यराम नाम सत्यह्न की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बुलंदशहर के सिकंदराबाद में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने यहां गौतमबुद्ध नगर के सांसद व भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के लिए जनसभा कर वोट की अपील की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

नवोदित मतदाताओं को बताएं 2014 के पहले सिर चढ़कर बोलता था आतंकवाद

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज हम सभी नए भारत में हैं। 2014 के चुनाव के साक्षी लोग जानते हैं कि उस समय कैसा भारत था। वे वर्तमान पीढ़ी और नवोदित मतदाताओं को बताएं कि उसके पहले लोगों में आक्रोश, अविश्वास था। देश में आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद सिर चढ़कर बोल रहा था। देश की सभी संस्थाओं में भ्रष्टाचार चरम पर था। युवा निराश व किसान आत्महत्या कर रहा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि दस वर्ष में हमने बदलते भारत को देखा है। नक्सलवाद व आतंकवाद आदि समस्याओं का समाधान हुआ है। कांग्रेस ने समस्या दी।

जम्मू समेत पूरे देश को आतंकवाद की चपेट में ला दिया। रोज विस्फोट होते थे, निर्दोष लोग मारे जाते थे। परिवार तबाह हो जाते थे लेकिन कांग्रेस के लोग तमाशबीन बने रहते थे। एक बार भी यह लोग आतंकवाद के खिलाफ बोलने को तैयार नहीं थे। पर आज धारा-370 समाप्त हो गई।

योगी ने कहा कि जेवर में बन रहा एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट विकास का उदाहरण है। इसका सबसे अधिक लाभ सिकंदराबाद व जेवर को मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई है। हम रैपिड रेल की सुविधा देने जा रहे हैं। मेट्रो आ रही है।

रेल की कनेक्टिविटी, दादरी में डेडिकेटेड फ्रेड कॉरिडोर का जंक्शन, लॉजिस्टिक का देश का सबसे बड़ा केंद्र भी यहां बनने जा रहा है, जहां लाखों नौकरियां निकलेंगी।

यहां पर योगी ने विकास योजनाओं को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि उप्र में कोई बीमार हो गया। उसके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है। सांसद-विधायक व पीड़ित ने पत्र लिख दिया तो सीधे अकाउंट में पैसा भेज दिया जाता है।

बीमारी के कारण परिवार पर कोई आर्थिक बोझ न आए, सरकार इसका दायित्व और उपचार का खर्च वहन करने की जिम्मेदारी लेती है। सीएम ने कहा कि नोएडा, ग्रेनो व यमुना अथॉरिटी में बिल्डर-बायर्स की समस्याओं का निदान कराकर वर्षों से लंबित मामले समाप्त कराते हुए बायर्स को हक दिया जा रहा है।

## पानी की टंकी बनी शोपीस, ग्रामीण गांव के बाहर से पानी लाने को मजबूर

**महोबा/ब्यूरो।** गर्मी के मौसम में ग्रामीण क्षेत्र में पानी की समस्या बढ़ रही है। पेयजल की समस्या दूर करने के लिए बनाई गई पानी की टंकी सफेद हाथी साबित हो रही है। मुढ़ारी गांव में बनी सोलर टंकी शोपीस बन कर रह गयी है।

जनपद के कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र के गांव मुढ़ारी में जिला पंचायत द्वारा 15वें वित्त आयोग से दो साल पूर्व सोलर टंकी तैयार कराई गयी थी। यह दस लाख रुपये की लागत से बन कर तैयार हुआ था। पाली पानी की टंकी के पास ही बोर कर सोलर पैनल से टंकी को बढ़ाने की व्यवस्था की गई, लेकिन चंद दिनों में देख-रेख के अभाव में व्यवस्था ध्वस्त हो गई।

ग्रामीण राजेश, रोहित, मुकेश, अनिल, जय आदि ने बताया कि टंकी क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसकी मरम्मत की विभाग सुध नहीं ले रहा है। टंकी का पम्प चोर ले गए। जिस कारण पेयजल की समस्या बनी हुई है। गर्मी के मौसम में दिन प्रतिदिन पानी की समस्या विकराल होती जा रही है। लोगों के सामने गांव के बाहर से पानी लाने की समस्या बनी रहती है।

## मजदूर का शव नदी किनारे पेड़ पर लटकता मिला



**आजमगढ़/ब्यूरो।** जिले के अहरौला थाना क्षेत्र के अतरडीहा गांव से गुजरी ओंगरी नदी के किनारे गुरुवार की सुबह एक मजदूर का शव पेड़ से गमछे के सहारे लटकता मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अहरौला थाना के अतरडीहा गांव में इन दिनों हर घर नल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण का कार्य चल रहा है। इस निर्माण कार्य में शाहजहांपुर जिले के जलालपुर थाना अंतर्गत चंदौना गांव निवासी अर्जुन जाटव मजदूर काम करता था।

गुरुवार की सुबह ग्रामीण नदी किनारे शौच के लिए गए तो अर्जुन का शव एक पेड़ से गमछे के सहारे लटकता देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

ग्रामीणों की सूचना पर अहरौला थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष अहरौला सुनील कुमार दुबे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

## महोबा से दिल्ली-प्रयागराज का सफर होगा आसान, 28 अप्रैल से दौड़ेगी स्पेशल ट्रेन

**महोबा/ब्यूरो।** जनपद से देश की राजधानी और प्रयागराज के लिए यात्रा करने वाले लोगों के लिए प्रयागराज से निजामुद्दीन के लिए 28 अप्रैल से सप्ताह में दो दिन स्पेशल ट्रेन चलेगी। महोबा और कुलपहाड़ रेलवे स्टेशनों पर रुकेगी।

लगातार बढ़ रही यात्रियों की संख्या के कारण रेलवे ने दो स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रायल के बाद ट्रेन को चलाने की विभाग ने अनुमति दे दी है।

बुंदेलखंड के महोबा जिले के लोगों के लिए स्पेशल ट्रेन चलना किसी खुशखबरी से कम नहीं है। प्रयागराज जंक्शन से 28 अप्रैल से स्पेशल ट्रेन चलेगी जो हजरत निजामुद्दीन तक जाएगी।

यह ट्रेन प्रयागराज से चलकर महोबा में शाम को 7 बजकर 23 मिनट पर पहुंचेगी और 7 बजकर 42 मिनट पर कुलपहाड़ रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

यूपी सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस से पहले का समय स्पेशल ट्रेन के लिए रखा गया है। इसका ठहराव उत्तर प्रदेश सम्पर्क क्रांति की तरह ही होगा।

स्पेशल ट्रेन की चलने से यहां के लोगों इसका बड़ा फायदा मिलेगा।

महोबा के कुलपहाड़ रेलवे स्टेशन के अधिकारियों के अनुसार ट्रायल के रूप में प्रयागराज से दिल्ली के बीच महोबा के यात्रियों के लिए स्पेशल ट्रेन चलाया जा रहा है। संचालन की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

यहां के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा और उनकी यात्रा आसान हो सकेगी।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर फ्लाईओवर से तेज रफ्तार कार नीचे गिरी, चार घायल



**हमीरपुर/ब्यूरो।** जिले में गुरुवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में भीषण सड़क हादसा हो गया। मध्यप्रदेश से दिल्ली जा रही तेज रफ्तार कार बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में फ्लाई ओवर से नीचे गिर गई, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां हालत नाजुक होने पर घायलों को उरई मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया है। राठ कोतवाली क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर आज मध्यप्रदेश के जबलपुर से चार लोग कार से दिल्ली जा रहे थे। कार बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर हाई स्पीड में दौड़ रही थी तभी राठ क्षेत्र के जखेड़ी गांव के पास फ्लाई ओवर से अनियंत्रित होकर करीब बीस फीट नीचे गिर गई। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से कार में फंसे घायल गुड़गांव निवासी नरेश पुत्र जले सिंह (36), दिल्ली निवासी सुमित (28) पुत्र अशोक, अब्दुल (32) पुत्र फारुख व मंजीत सिंह (32) पुत्र ओम प्रकाश को इलाज के लिए राठ कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां घायलों को हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उरई मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया है। घायलों में सुमित, मंजीत सिंह व अब्दुल दिल्ली के रहने वाले हैं जो अपने दोस्त नरेश के साथ जबलपुर से दिल्ली जा रहे थे।

राठ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में चार लोग घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी राठ से उरई मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया गया है।

## आग से किसानों की सैकड़ों बीघा फसल जली



**बागपथ/ब्यूरो।** बागपत में बिजली तारों से चिंगारी गिरने से किसानों की सैकड़ों बीघा फसल जलकर राख हो गई। घंटों की मशक्कत के बाद किसानों और स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाने के प्रयास में सात लोगों के हाथ भी झुलस गये। पीड़ित किसानों ने आर्थिक सहायता की मांग की है।

खेकड़ा तहसील क्षेत्र के गढ़ी कलंजरी गांव में गुरुवार को किसानों के खेतो में आग लग गयी। किसान खेतों में काम कर रहे थे। तभी बिजली लाइन की चिंगारी गिरने से चंद मिनट में सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसान और स्थानीय लोगों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर तो काबू पा लिया लेकिन तब तक फसल जलकर राख हो गई। आग को बुझाने के प्रयास में सात किसान भी झुलस गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। किसानों का आरोप है कि लगातार अधिकारियों को मदद के लिए फोन किया गया। अधिकारी मदद के लिए नहीं पहुंचे।

## कानपुर मण्डल सहित उत्तर भारत में अबकी बार पड़ेगी



**कानपुर/ब्यूरो।** अलनीनो भारत में कम वर्षा और अधिक गर्मी का कारण बनता है। भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में मध्यम अलनीनो की स्थितियां अभी मौजूद हैं, जिसकी वजह से समुद्र की सतह के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

मौसम विभाग का कहना है कि समुद्र के ऊपर सतह की गर्मी समुद्र के ऊपर वायु प्रवाह को प्रभावित करता है, चूंकि प्रशांत महासागर पृथ्वी के लगभग एक तिहाई हिस्से को कवर करता है, लिहाजा इसके तापमान में बदलाव और उसके बाद हवा के पैटर्न से कानपुर मण्डल सहित उत्तर भारत में अबकी बार अधिक गर्मी पड़ने की संभावना है।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने गुरुवार को बताया कि आईएमडी के पूवार्नुमान में कहा गया है कि पूर्व और उत्तर-पूर्व के कुछ हिस्सों और उत्तर-पश्चिम के कुछ हिस्सों को छोड़कर भारत के ज्यादातर इलाकों में गर्मी ज्यादा रहेगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर रहेगा।

इससे लोगों में गर्मी से संबंधित बीमारियां हो सकती हैं।

कृषि उत्पादन प्रभावित हो सकता है, पानी की कमी हो सकती है। ऊर्जा की मांग बढ़ सकती है और पारिस्थितिकी तंत्र और वायु गुणवत्ता प्रभावित होगी। उन्होंने बताया कि असामान्य रूप से उच्च तापमान की अवधि को हीट वेव कहा जाता है। यदि मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, तो आईएमडी लू यानि हीट वेब्स की घोषणा करता है, जिसमें सामान्य अधिकतम तापमान से लगभग 4.5-6.4 डिग्री सेल्सियस का अंतर होता है।

अगर वास्तविक अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है तो आईएमडी लू की घोषणा भी कर सकता है।

यदि तापमान 47 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है तो ह्यगंभीर गर्मी की लहरह्न भी घोषित कर सकता है।

लू में हवा का तापमान मानव शरीर के लिए घातक हो जाता है। भारत में गर्मी की लहरें आमतौर पर मार्च और जून के बीच दर्ज की जाती हैं और मई में चरम पर होती हैं।

अल नीनो मौसम की स्थिति भी सामान्य से अधिक तापमान में योगदान करती है, जिससे गर्मी की लहरों में वृद्धि होती है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## पूर्व सीएम अखिलेश यादव के चाचा की 20 बीघा गेहूं फसल

**सपा सुप्रीमो** अखिलेश यादव के चाचा के खेत में हाईटेंशन बिजली लाइन की चिंगारी गिरने से आग लग गई जिससे 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

बुधवार को अपराह्न एक बजे सैफई महिला थाने के सामने गांव रमईयापुर के पास निकली हाईटेंशन बिजली लाइन की चिंगारी पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चाचा अभय राम सिंह यादव के खेत में गिरी जिसने आग का विकराल रूप धारण कर लिया।

20 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर देर से पहुंची, जिससे नुकसान अधिक हुआ। हालांकि इससे पहले सैफई थाने के सिपाही योगेश्वर सिंह ने अपनी टीम के साथ कड़ी मशक्कत से आग पर काफी हद तक काबू पा लिया जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। काफी किसानों की फसल आग से बच गई।

## यूपी के आठ सीटों पर मतदान आज

### चंद्रशेखर, जितिन प्रसाद, संजीव बालियान, इमरान मसूद सहित इन दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर



लोकसभा चुनाव के पहले चरण में देश की 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की कुल 102 लोकसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होंगे। इसमें उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटें भी शामिल हैं।

19 अप्रैल को सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, बिजनौर, नगीना, कैराना, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा सीट पर मतदान होगा। चुनावी समीकरण के लिहाज से यह सभी सीटें काफी महत्वपूर्ण मानी जाती हैं।

पहले चरण में उत्तर प्रदेश की 8 सीटों पर कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है, जिनमें एक तरफ पीलीभीत से जितिन प्रसाद चुनावी मैदान में हैं। वहीं नगीना सीट से चंद्रशेखर रावण ताल ठोक रहे हैं। एक तरफ तमाम प्रत्याशी और राजनीतिक दलों की नजरें अपने मतदाताओं पर टिकी है, वहीं दूसरी तरफ चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदान के दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। दरअसल, प्रथम चरण के मतदान के लिए यूपी की 8 लोकसभा क्षेत्रों के लिए कल वोट डाले जाएंगे, जिसके लिए 7,693 पोलिंग स्टेशन और 14,845 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इनमें 111 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी लोकसभा सीटों के लिए 80 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिसमें 8 महिलाएं शामिल हैं। आईए जानते हैं कि इन सभी लोकसभा सीटों पर कौन-कौन दिग्गज मैदान में हैं।

**सहारनपुर**

सहारनपुर लोकसभा सीट पर चुनाव 19 अप्रैल को होना है। इस सीट पर कुल 10 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें से मुख्य मुकाबला बीजेपी के राघव लखनपाल, गठबंधन प्रत्याशी कांग्रेस के इमरान मसूद और बसपा के माजिद अली के बीच माना जा रहा है। इस चुनाव में खासतौर पर इमरान मसूद और राघव लखनपाल की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

वर्तमान में सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभाओं बेहट, सहारनपुर नगर, सहारनपुर, देवबन्द और रामपुर मनिहारान के कुल मतदाताओं की संख्या 18,518,47 है, जिसमें महिला मतदाता 873,341 और पुरुष मतदाता 978,421 और 85 ट्रांसजेंडर हैं। सहारनपुर में चुनाव के दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान कराने की तैयारी की गई है।

**पीलीभीत**

पीलीभीत लोकसभा सीट पर 10 उम्मीदबार मैदान में हैं, जिसमे सबसे ज्यादा चर्चा बीजेपी उम्मीदवार जितिन प्रसाद की है, जो दशकों पुराना संबंध तोड़ कांग्रेस से बीजेपी में आए थे। उन्हें वरुण गांधी की जगह उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं सपा (इंडिया गठबंधन) से पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार मैदान में हैं और बसपा ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद उर्फ फूल बाबू को मैदान में उतारा है।

पीलीभीत में 958 मतदान केंद्रों पर 1521 बूथ तैयार कर दिए गए हैं। पीलीभीत में बहेड़ी लोकसभा सीट पर सिर्फ पीलीभीत की चार विधानसभाओं में 14,61,062 वोटर है। वहीं बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र में 370,637 मतदाता हैं। बहेड़ी (बरेली) विधानसभा छोड़कर पीलीभीत जिले में 958 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस लोकसभा की सभी 5 विधानसभा को जोड़ दें तो यहां मतदाताओं की संख्या 18,31,699 हैं।

**मुरादाबाद**

मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को ही मतदान होना है। इस सीट से बीजेपी से सर्वेश सिंह, सपा से रुचि वीरा, बसपा से इरफान सैफी सहित कुल 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस सीट को सपा में खासा उठापटक देखी गई, जहां पार्टी ने मुस्लिम नेता एसटी हसन को उम्मीदवार बनाया था। हालांकि, आजम खान के दबाव में अखिलेश यादव को इस सीट पर रुचि वीरा को उम्मीदवार बनाना पड़ा।

**रामपुर**

आजम खान के गढ़ के रूप में चर्चित रामपुर के लोकसभा सीट से बीजेपी के घनश्याम सिंह लोधी मैदान हैं। वहीं इंडिया गठबंधन में यह सीट सपा के खाते में आई है और पार्टी ने इस सीट से मोहिबुल्लाह नदवी को टिकट दिया है। बहुजन समाज पार्टी नें यहां से जीशान खान को मैदान में उतारा है। रामपुर लोकसभा सीट पर वैसे तो कुल छः प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी के बीच दिखाई दे रहा है। रामपुर लोकसभा में कुल 17,311,94 मतदाता हैं जिनमें पुरुष मतदाता 915,683 है और महिला मतदाता 815,352 हैं।

**मुजफ्फरनगर**

उत्तर प्रदेश की मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर शुक्रवार को मतदान होने जा रहा है, जिसको लेकर यहां के जिला प्रशासन ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर कुल मतदाता 18,16284 हैं, जिनमें पुरुष मतदाता 968,265 और महिला मतदाता 847,875 और थर्ड जेंडर 144 है।

मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने जा रहा है। गौरतलब है कि यहां पर जहां तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी ने डॉक्टर संजीव बालियान को अपना प्रत्याशी बनाया है, तो वहीं इंडिया गठबंधन से हरेंद्र मलिक चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा ने यहां से दारा सिंह प्रजापति को अपना प्रत्याशी बनाया है।

**बिजनौर**

बिजनौर लोकसभा में कल 19 अप्रैल को होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बिजनौर जनपद में कुल आठ विधानसभा हैं। बिजनौर लोकसभा में कुल 17 लाख 38,300 वोटर हैं। बिजनौर लोकसभा में तीन प्रत्याशियों में मुख्य मुकाबला है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के गठबंधन प्रत्याशी चंदन चौहान, बहुजन समाज पार्टी के विजेंद्र चौधरी और समाजवादी पार्टी के दीपक सैनी के बीच मुख्य मुकाबला दिखाई दे रहा है।

**नगीना**

उत्तर प्रदेश की नगीना लोकसभा सीट पर भी पहले चरण में वोटिंग होनी है। अबकी बार पॉलिटिकल पंडित नगीना लोकसभा सीट को राजनीति की दृष्टिकोण से हॉट सीट बता रहे हैं, क्योंकि इस सीट से इस बार आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद चुनाव में उतरे हैं।